

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 17 दिसंबर 2022 ■ पौष कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-258 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 18 दिसंबर 2022 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# खड़गे ने पूछा, भारत कब करेगा 'चाइना पे चर्चा'



**नई दिल्ली,17 दिसंबर।** कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की और पूछा कि भारत में चीन पे चर्चा कब होगी। खड़गे ने शुक्रवार को कहा कि सदन के सभापति द्वारा उन्हें इस मुद्दे पर बात करने का अधिकार दिए जाने के बावजूद उन्हें राज्यसभा में अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भारत-चीन झड़प के बारे में बोलने की अनुमति नहीं दी गई। अपने ट्वीट में खड़गे ने कहा कि चीनी सैनिक डोकलाम क्षेत्र में जम्फेरी रिज तक निर्माण कर रहे हैं जो रणनीतिक सिलीगुड़ी कॉरिडोर के बहुत करीब स्थित है। उन्होंने कहा कि यह मामला ÷हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अत्यंत चिंता÷ का है।

चीनी सैनिकों के निर्माण के बारे में खड़गे का बयान राहुल गांधी के उस बयान से मेल खाता है जो उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के 100वें दिन दिया था। राजस्थान में बोलते हुए, गांधी ने कहा कि चीन युद्ध की तैयारी कर रहा है लेकिन केंद्र सरकार खतरे को नजरअंदाज कर रही है और तथ्यों को छिपा रही है। राहुल गांधी ने कहा कि मैं वर्तमान स्थिति से जो कह सकता हूं, चीन घुसपैठ की नहीं बल्कि पूर्ण युद्ध की तैयारी कर रहा है। खतरा साफ है लेकिन हमारी सरकार खतरे की अनदेखी कर रही है। केंद्र हमसे तथ्य छिपाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन वह ऐसी चीजों को लंबे समय तक नहीं छिपा पाएगा। कांग्रेस सुप्रीमो ने कहा, मैंने इस सरकार को चीन से सावधान रहने की चेतावनी दी है। चीन के पैटर्न को देखें ... वे लद्दाख और अरुणाचल की तरफ तैयारी कर रहे हैं, लेकिन भारत सरकार सो रही है। भाजपा ने गांधी के बयान पर पलटवार किया और कहा कि वह भ्रम फैलाने और सैनिकों का मनोबल गिराने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता राज्यवर्धन सिंह राठौर ने गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, ÷राहुल गांधी को लगता है कि चीन के साथ निकटता होनी चाहिए। अब उन्होंने इतनी निकटता विकसित कर ली है कि उन्हें पता है कि चीन क्या करेगा।



# गौरव दिवस पर भूपेश बघेल ने की तीन घोषणाएं

### मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा,शासकीय भवनों का उन्नयन,स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट आईटीआई योजना

**रायपुर ,17दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार के 4 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आज प्रदेश में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए तीन महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 'मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा' की घोषणा करते हुए इस योजना के लिए 100 करोड़ रूपए, सभी शालाओं, छात्रावासों, आश्रमों, शासकीय भवनों के रख रखाव और उन्नयन के लिए एक हजार करोड़ रूपए, तकनीकी शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के उन्नयन के लिए 'स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट आईटीआई योजना' की घोषणा करते हुए इस योजना के लिए 1200 करोड़ रूपए देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री आज यहां अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के अवसर पर आज यहां कलेक्ट्रेट चौक स्थित 'छत्तीसगढ़ महतारी' की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर जरूरतमंद लोगों को सब्जियों के लंगर स्टॉल से सब्जियों का निःशुल्क वितरण किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में आयोजित छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के वर्चुअल कार्यक्रम में सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरूघासीदास जी की जयंती की पूर्व संध्या पर नवा रायपुर में 4 करोड़ 86 लाख रूपए की लागत से बनने वाले संत शिरोमणी गुरू घासीदास बाबा स्मारक एवं संग्रहालय का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्रीभूपेश बघेल ने आज छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में 33 करोड़ 96 लाख रूपए की लागत के 14 कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

### कर्ज के मामले में छग 25वें नंबर पर

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट करते हुए कहा है कि कर्ज के मामले में छत्तीसगढ़ 25वें नंबर पर है। भाजपा शासित राज्य गोवा,गुजरात,हरियाणा तथा कर्नाटक ज्यादा कर्ज प्रदेश हैं। उन्होंने कहा कि छग को बदनाम करने वालों से ये कहा जाए कि वे नंबर जरूर बताएं।

# सुपर पावर बनेंगे, पर किसी की जमीन नहीं कब्जाएंगेः राजनाथ

**नई दिल्ली,17 दिसंबर।** तवांग सेक्टर पर चीनी दुस्साहस को लेकर देशभर में उबाल है। हालांकि सेना चीन की पीएलए सैनिकों को मुंहतोड़ जवाब दे चुकी है। अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन को कड़ा संदेश दिया है। राजनाथ ने कहा कि हमारा लक्ष्य सुपर पावर बनना है लेकिन, इसकी एवज पर हम किसी दूसरे की जमीन पर कब्जा नहीं करेंगे। राजनाथ ने यह बयान चीन की विस्तारवादी नीति को लेकर दिया है। तवांग सेक्टर पर हालिया हुए संघर्ष को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन को खरी-खरी सुनाई है। फिक्की के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजनाथ ने कहा, पीएम ने लाल किले से अपने संबोधन के दौरान देश को पांच प्रतिज्ञाओं के बारे में बताया था, जो भारत को सुपर पावर बनाने के लिए आवश्यक हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं माना जाना चाहिए कि हम किसी देश पर हावी होना चाहते हैं या कोई अन्य देश हमारी एक इंच जमीन पर भी कब्जा करने का इरादा रख सकता है। ताइवान का मुद्दा हो या अरुणाचल प्रदेश का तवांग सेक्टर। चीन की नजर हमेशा से ही दूसरे की सीमाओं पर रही है। दुनिया जानती है कि दूसरे देश की सीमाओं पर अवैध कब्जा और आढ़े-टेढ़े तरीके से किसी भी हालत में जमीन हथियाना चीन की पुरानी पॉलिसी का हिस्सा रही है।



इस बार अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर पर चीन को यह हिमाकत भारी पड़ गई। 9 दिसंबर को चीनी सैनिकों की घुसपैठ का भारतीय जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। बता दें कि इससे पहले संसद में रक्षा मंत्री ने देश को तवांग सेक्टर पर भारत और चीनी सैनिकों के बीच झड़प की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि चीन ने भारतीय पोस्ट पर कब्जा करने की कोशिश की लेकिन, हमारे जवानों ने यह कोशिश विफल कर दी। एक बार फिर सरहद पर तनाव का माहौल है। हालांकि सरकार का कहना है कि हमारे जवान सीमा पर चौकसी के साथ सुरक्षा दे रहे हैं। हमारा देश जवानों के हाथों में सुरक्षित है

# सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की बिलकिस बानो की याचिका

**नई दिल्ली,17 दिसंबर।** सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों की पीड़ित बिलकिस बानो द्वारा 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका शनिवार को खारिज कर दी। बिलकिस बानो ने 2002 में अपने साथ हुए गैंगरेप मामले में गुजरात सरकार द्वारा 11 दोषियों की सजा माफ करने को चुनौती दी थी। गुजरात सरकार ने मामले में सभी 11 दोषियों की सजा माफ कर दी थी और उन्हें इस साल 15 अगस्त को रिहा कर दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने ने बिलकिस बानो की वह याचिका खारिज कर दिया है, जिसमें गैंगरेप मामले के 11 दोषियों की सजा माफ करने की याचिका पर गुजरात सरकार से विचार करने के लिए कहने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के आदेश की समीक्षा का अनुरोध किया गया था। प्रक्रिया के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका पर फैसला संबंधित निर्णय सुनाने वाले न्यायाधीश अपने कक्ष में करते हैं। कक्ष में विचार करने के लिए यह याचिका 13 दिसंबर को जस्टिस जय रस्तोगी और जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच के समक्ष आई थी। सुप्रीम कोर्ट के असिस्टेंट रजिस्ट्रार द्वारा बिलकिस बानो की वकील शोभा गुप्ता को भेजे गए संदेश में कहा गया है कि मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश दिया गया है कि सुप्रीम कोर्ट में दायर उक्त पुनर्विचार याचिका 13 दिसंबर 2022 को खारिज कर दी गई। बिलकिस बानो ने एक दोषी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा 13 मई को सुनाए गए आदेश की समीक्षा किए जाने का अनुरोध किया था। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार से नौ जुलाई 1992 की नीति के तहत दोषियों की समय से पूर्व रिहाई की मांग वाली याचिका पर दो महीने के भीतर विचार करने को कहा था। गुजरात सरकार ने सभी 11 दोषियों की सजा माफ करते हुए उन्हें 15 अगस्त को रिहा कर दिया था।

बिलकिस बानो से गोधरा ट्रेन अग्निकांड के बाद हुए दंगों के दौरान सामूहिक बलात्कार किया गया था और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। घटना के वक्त बिलकिस बानो की उम्र 21 साल थी और वह पांच महीने की गर्भवती थी। इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई और सुप्रीम कोर्ट ने मुकदमे की सुनवाई महाराष्ट्र की एक अदालत में स्थानांतरित कर दी थी। मुंबई की एक विशेष सीबीआई अदालत ने 21 जनवरी 2008 को 11 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। बाद में बंबई हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भी उनकी सजा बरकरार रखी थी। मामले में दोषी ठहराए गए 11 लोग 15 अगस्त को गोधरा उप-जेल से रिहा हुए थे। गुजरात सरकार ने राज्य की सजा माफी नीति के तहत इन दोषियों को रिहा करने की अनुमति दी थी।

### पंजाब में हेल्दी और सस्ती शराब लाएगी सरकार

**चंडीगढ़,17 दिसंबर।** बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने के बाद से ही अवैध शराब की बड़ी खेप बरामद हो रही है। सारण और सीवान जिले में जहरीली शराब पीने से अब तक 57 लोगों की मौत हो गई है। पंजाब की भगवंत मान सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि वो अवैध शराब से लोगों को दूर करने के लिए एक स्वस्थ विकल्प के रूप में देसी शराब का हेल्दी वैरिएंट प्रदान करने की योजना बना रही है। भगवंत मान ने कहा कि अवैध रूप से पीसा घर का बना शराब के लिए एक ÷स्वस्थ विकल्प है, और बाजार में उपलब्ध ब्रांडों की तुलना में अल्कोहल का प्रतिशत कम है। पंजाब सरकार चाहती है कि बाजार में 40 प्रतिशत अल्कोहल की मात्रा वाली देशी शराब के पाउच उपलब्ध हों।

# दुर्ग आए बारातियों पर चाकूबाजी, आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे


**दुर्ग,17 दिसंबर।** रात्रि सूचना मिलने पर की मोहन नगर क्षेत्र में बारात में आए लोगों को कुछ लोगों को मामूली बात पर डरा धमकाकर चाकूबाजी की घटना की गई है, जिस पर घटनास्थल पहुंचकर जानकारी लिया गया, पता चला कि डोंगरगढ़ निवासी मानस भवन के पास दुर्ग निकाह में शामिल होने बारात के साथ दुर्ग आया थे । रात्रि करीब 9ः15 बजे बारात मानस भवन के पास शक्ति नगर पहुँची थी बाराती लोग डीजे में नाच रहे थे उसी समय एक व्यक्ति स्कूटी में सवार होकर बारात के बगल से गुजरते समय एक बच्चे को ठोकर पर बहस हो गई ,बाराती लोगो से बहस कर धमकी देकर चाकू से मारकर गंभीर चोट पहुँचाया हैं घायलों को ईलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। सभी अभी खतरे से बाहर है, घटना का संज्ञान लेकर थाना प्रभारी थाना मोहन नगर निरीक्षक विपिन रंगारी एवं पेट्रोलिंग टीम के द्वारा संदिग्धों से पूछताछ कर पतासाजी कर कुछ ही घंटे के भीतर त्वरित कार्रवाई करते हुए 04 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, आरोपी से पूछताछ जारी है।

# कांग्रेस पार्टी का चीन के साथ हुआ था एमओयूः नड्डा

**नई दिल्ली,17 दिसंबर।** कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी द्वारा तवांग में भारतीय जवानों संग चीनी सैनिकों की झड़प के बाद लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर है। राहुल गांधी के बयान पर बीजेपी ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया जताई है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी का बयान हमारी सेना का मनोबल गिराने का काम करता है; इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। भारतीय सेना शौर्य और शौर्य की प्रतीक है। हम जानते हैं कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने कांग्रेस पार्टी के साथ एमओयू साइन किया था। जेपी नड्डा ने कहा कि जब भारतीय सेना डोकलाम में थी, तब राहुल गांधी चीनी दूतावास में चीनी अधिकारियों से चुपचाप मिले। हम यह भी जानते हैं कि उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा पर सवाल उठाए थे, यह बताता है कि वह भारत की भाषा नहीं बोलते हैं। वह वही भाषा बोलते हैं जो पाकिस्तान बोलता है। मैं ऐसे बयानों की निंदा करता हूं, यह देश के प्रति राहुल गांधी की मानसिकता को दर्शाता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि चीन युद्ध की तैयारी कर रहा है, जबकि सरकार सोई हुई है और इस खतरे को ''नजरअंदाज'' करने की कोशिश कर रही है। गांधी ने मीडिया को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्हें यकीन है कि पत्रकार उनसे सचिन पायलट और अशोक गहलोत से लेकर हर चीज के बारे में पूछेंगे, लेकिन चीन पर एक सवाल नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, ''जो चीन का खतरा है.. और मुझे तो वो स्पष्ट है.. और मैं इसको लेकर दो-तीन साल से कह रहा हूं, लेकिन केंद्र सरकार उसको छिपाने की कोशिश कर रही है।

### छत्तीसगढ़ में भी पठान का विरोध

रायपुर,17दिसंबर। गुजरात में शाहरुख खान की अपकमिंग फिल्म पठान पर बैन लगाने की मांग की जा रही है। ये बवाल अब छत्तीसगढ़ पहुंच गया है। यहां शिवसेना ने इस फिल्म के गाने और दीपिका पादुकोण के पहने कपड़ों पर आपत्ति जताई है। चेतावनी भरे लहजे में शिवसेना छत्तीसगढ़ ने एक लेटर जारी किया है, बात न माने जाने पर खुद कार्रवाई करने की बात कही गई है। शिवसेना छत्तीसगढ़ संगठन के प्रदेश महासचिव सुनील कुकरेजा ने एक खत, फिल्म के मेकर्स, सिनेमा हॉल संचालकों और मल्टीप्लेक्स मैनेजमेंट वालों को भेजा है। सुनील ने दैनिक भास्कर से बात-चीत में कहा, हमें बेशर्म रंग गाने पर आपत्ति है, इसमें अश्लीलता फैलाई जा रही है। इस गाने को हटाकर ही हम ये फिल्म रिलीज होने देंगे।




### सत्ता के 4 वर्षः छत्तीसगढ़ में सरकार ने खेलकूद को लोकप्रिय बनाने का लगातार प्रयास किया

jasclaudius@gmail.com

# सिर्फ अकादमी ही नहीं प्रशिक्षकों की भी आवश्यकता

**जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

1 नवम्बर 2000 को छत्तीसगढ़ राज्य के अस्तित्व में आने के साथ ही प्रदेश के खेल संसार में कई बदलाव आये। अब तक छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को मध्यप्रदेश के प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबला करना पड़ता था। इसके बाद खिलाड़ी का चयन राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धा में होता था। इसी तरह खेल संघों के पदाधिकारियों का राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों से सीधा संपर्क हो गया। पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने खेलों को लोकप्रिय बनाने के लिए कुछ प्रयास किए। शतरंज और कैरम के अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट का आयोजन उनके कार्यकाल की बड़ी देन है लेकिन भारत में दिनों-दिन लोकप्रिय होते जा रहे क्रिकेट खेल के लिए एक सर्वसुविधायुक्त विशाल अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम के निर्माण की परिकल्पना और शुरुआत अजीत जोगी के कार्यकाल में हुई। 2003 से 2018 तक भारतीय जनता पार्टी का शासन छत्तीसगढ़ में रहा जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने हाकी, क्रिकेट, टेनिस के कई अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट का आयोजन करवाया। राजनांदगांव व रायपुर में एस्ट्रोटर्फ सतह वाले मैदान का निर्माण उन्हीं के कार्यकाल की देन है।

वर्ल्ड हाकी लीग, इंडियन प्रीमियर लीग में क्रिकेट के मैच और इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन की स्पर्धा रायपुर में आयोजित करके प्रदेश को खेलकूद, पर्यटन के विश्व नक्शे में ला दिया। 2018 तक भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा रायपुर, राजनांदगांव में तीरंदाजी, व्हालीबाल, बास्केटबाल, कबड्डी, जूडो, फुटबाल आदि खेलों की अकादमी खोली गई। इस दौरान 2002, 2003, 2007, 2011, 2015 के राष्ट्रीय खेलों का आयोजन विभिन्न शहरों में हुआ जिसमें प्रदेश की टीम ने भले ही बड़ी उपलब्धि हासिल नहीं की परंतु प्राप्त पदकों की संख्या निरंतर बढ़ती गई। इस दौरान भारतीय ओलंपिक संघ की कमान मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने स्वयं संभाल रखी थी।

छत्तीसगढ़ की जनता ने 2018 में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों को चुना और वह सत्ता में आ गई। मुख्यमंत्री के रूप में भूपेश बघेल ने अपना कार्यकाल आरंभ किया। पिछले चार वर्षों में खेलकूद के माध्यम से नये खिलाड़ियों का चयन करके उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए एथलेटिक्स, हाकी, तीरंदाजी आदि की अकादमी खोली गई।

छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर, बिलासपुर, जगदलपुर में हाकी, फुटबाल, टेनिस, बैडमिंटन आदि के कई मैदान है। प्रदेश में नवनिर्मित इंडोर स्टेडियम की संख्या बढ़ी है इसमें राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मैच आयोजित किये जा सकते हैं। टेनिस का आधुनिक सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम और अकादमी खोली जा रही है। 36वें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश के स्केटिंग, बैडमिंटन, साफ्टबाल, मलखंब, कैनोइंग, कयाकिंग, तलवारबाजी आदि खेलों में हमारे प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किया। इसमें धुर वनांचल और पिछड़े क्षेत्र नारायणपुर के वनवासी मलखंब के पुरुष व महिला टीम के सदस्यों का प्रदर्शन सबसे उत्कृष्ट रहा। कांग्रेस सरकार ने खेल विकास प्राधिकरण का गठन किया इसकी गतिविधियों की कोई विशेष जानकारी मिलती नहीं है। अगर इसका नेतृत्व किसी वरिष्ठ खिलाड़ी या खेल प्रशाासक या खेल संघ के पदाधिकारी द्वारा होता तो अब तक अधिक सफलता मिलती।

छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा स्वयं अच्छे खेल प्रशासक हैं भारत सरकार ने उनकी सेवाएं 2010 में दिल्ली के राष्ट्रमंडल खेलों में लिया था। इसके अलावा ओलंपियन मुक्केबाज राजेंद्र प्रसाद, पद्मश्री/अर्जुन पुरस्कार विजेता पुलिस अधिकारी सबा अंजुम आदि की सेवाएं लेकर छत्तीसगढ़ में खेल वातावरण तैयार किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ के गठन से लेकर अब तक प्रदेश ही नहीं भारत के महान हॉकी खिलाड़ी न्यायधानी बिलासपुर के पैदायशी छत्तीसगढ़िया लेस्ली क्लॉडियस जिन्हें ओलंपिक खेलों में हॉकी के 03 स्वर्ण 01 रजत पदक जीतने का गौरव हासिल है. उनकी लगातार उपेक्षा की जा रही है।

दुर्भाग्य की बात है कि राज्य में किसी खेल अकादमी या स्टेडियम का नामकरण उनके सम्मान में अब तक नहीं रखा गया है। इसी तरह पिछले 4 वर्षों के दौरान मुक्केबाजी, बैडमिंटन, टेनिस, शतरंज आदि की अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कुछ प्रतियोगिताएं की। लेकिन अश्चर्य की बात है कि सर्वसुविधा होने के बाद हाकी, क्रिकेट की कोई अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा नहीं हुई।



## एक नजर

### डिवाइडर से टकरा कर बाइक सवार की मौत

**भिलाई, 17 दिसंबर।** भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र देर रात डिवाइडर से टकराकर मोटरसाइकिल चालक युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई वहीं उसके पीछे बैठे दोस्त को मामूली चोट आई शव को पुलिस ने रायगढ़ से आए उसके चाचा को सौंप दिया है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है स्मृति नगर चौकी पुलिस ने बताया कि ग्राम छाल जिला रायगढ़ निवासी एस यादव 20 वर्ष कोहका में अवंती बाई चौक के पास किराए का रूम लेकर अपने दोस्त के साथ रहकर रुंगटा कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था रात को एस यादव, उसके दोस्त प्रयास व अन्य पार्टी मनाए थे आधी रात लगभग 3:30 बजे एस यादव मोटरसाइकिल पैशन प्रो क्रमांक सीजी 12 ए डी 5632 पर अपने दोस्त को पीछे बैठा कर अपने किराए के मकान में लौट रहा था इसी दौरान अवंती बाई चौक से आगे सूर्या मॉल के बीच साहू होटल के सामने डिवाइडर से उसकी मोटरसाइकिल टकरा गई मोटरसाइकिल की गति तेज होने से मोटरसाइकिल टकराने के बाद दूर जाकर गिरी इससे एस यादव को गंभीर चोटें आई उसे तुरंत 112 वाहन की मदद से हाइटेक हॉस्पिटल ले जाकर भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान सुबह 5:00 बजे उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दी रायगढ़ से उसके चाचा पहुंचे तब पुलिस ने एस यादव के शव को सौंप दिया।

### फरार आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 17 दिसंबर।** भिलाई 10 महीने से फरार चल रहे मारपीट के एक आरोपी को वैशालीनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है वैशालीनगर टीआई त्रिनाथ त्रिपाठी ने बताया कि शारदा पारा कैम्प- 2 निवासी अजय राजपूत (34वर्ष) ने 5 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 2 फरवरी को कचरा भट्ठी के पास शिवकुमार यादव (24 वर्ष) निवासी कैम्प - 2 ने शराब पीने के लिए पैसे मांगा था नहीं देने पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया था घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था मुखबीर की सूचना पर गुरुवार को आरोपी शिवकुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294,323,327 506 के तहत अपराध दर्ज किया है उक्त कार्यवाही में वैशालीनगर थाना के प्रआर हेमंत सिंह, आर विश्वजीत सिंह, आर राजेश सिन्हा, आर सुरेश यादव की सराहनीय भूमिका रही ।

### सामान पार करने वाले पर कार्रवाई

**भिलाई, 17 दिसंबर।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र कंपनी से सामान पार करने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत कार्रवाई किया है जामुल पुलिस ने बताया कि ऋषभ नगर दुर्ग निवासी जय कुमार जैन का लाइट इंडस्ट्रीयल एरिया छावनी में मैनेजर पद पर कार्यरत है 14 दिसंबर को रोज की भांति कार्य खत्म कर घर जाने के लिए निकल गया था कंपनी का इलेक्ट्रीशियन कुलदीप ने सूचना दी कि कंपनी में रखे लोहे के प्लेट्स की चोरी हो गई। मैनेजर तुरंत कंपनी में पहुंचकर देखने पर स्टाक यार्ड के पास रखा गया लोहे का प्लेट 50 नग 60 हजार रुपए का गायब मिला।

# श्री राम कथा भारत के चरित्र का पोषण करती है:चिन्मयानंद

### श्री राम कथा का दूसरा दिन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 17 दिसंबर।** श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित श्रीराम ज्ञान यज्ञ एवं श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के दूसरे दिन वंदना प्रकरण एवं शिव चरित्र का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। जहां कथावाचक चिन्मयानंद बापू ने उपस्थित श्रद्धालुगणों को आध्यात्मिक मार्गदर्शन देते हुए कहा कि श्री राम कथा भारत के चरित्र का पोषण करती है। उन्होंने श्री राम को देश का संयम और भगवान कृष्ण को बुद्धि बताया। चिन्मयानंद बापू ने कहा कि जिनको अपराजित पौरुष और पूर्ण परमात्मा की चाहत होती है, वही भगवान श्रीराम की शरण में आते हैं। कथा वाचक चिन्मयानंद बापू ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास कलियुग के वंदना के शीघ्र आचार्य हैं। उन्होंने एक महासूत्र दिया कि अपने आराध्य का दर्शन जगत में हो जाए तो जीवन से बैर- वैमनस्य स्वतः समाप्त हो जाएगा। यदि हम सब में प्रभु का दर्शन करें तो सबसे प्रेम व श्रद्धा हो जाएगी। श्रीरामचरित मानस का वंदना प्रकरण अद्भुत है। सबको प्रणाम करने की सनातन परंपरा व्यक्ति को सर्वप्रिय बना देती है। भगवान श्रीराम के चरित्र के पूर्व भूत-भावन भगवान शिव की कथा कही गई है। श्रद्धा एवं विश्वास एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने भरत जी का श्री राम के प्रति प्रेम, लक्ष्मण का प्रेम, हनुमान जी का सेवा-भाव का उदाहरण दिया। उन्होंने उर्मिला जी के पति धर्म की चर्चा करते हुए कहा कि महिलाएं अगर पतिव्रत धर्म का पालन करें तो अखंड सौभाग्यवती रहकर मोक्ष को पा सकती हैं। चिन्मयानंद बापू ने शिव चरित्र का विश्लेषण करते हुए बताया कि गोस्वामी तुलसीदास ने शिव का चरित्र इसलिए रखा ताकि लोग राम भक्ति में दृढ निष्ठावान बन सकें। भगवान शिव की तरह श्रीराम में अनन्य निष्ठा रखने वाला उदाहरण कहीं अन्यत्र मिलना दुर्लभ है। चिन्मयानंद बापू ने कहा कि भगवान शिव ने निष्पाप सती को केवल इसलिए त्याग दिया क्योंकि श्रीराम की परीक्षा लेने के लिए उन्होंने भगवती सीता का रूप धारण किया। यद्यपि भगवान शिव सीता को अपने इष्ट देवी के रूप में मानते थे। उन्होंने श्री राम कथा को आगे बढ़ाते हुए पार्वती के जन्म तथा शिव विवाह के प्रसंग पर रोचक व्याख्या प्रस्तुत करते हुए कहा कि भगवान शिव का स्वरूप लोक कल्याणकारी है। भगवान शिव के त्रिशूल का दर्शन करने से प्राणी के तीनों प्रकार के शूल नष्ट हो जाते हैं। दैहिक, दैविक तथा भौतिक संताप शिव भक्तों को छू भी नहीं सकते। भगवान शिव के हाथ में सुशोभित डमरू के नाद से ही वेदों की ऋचाएं, संगीत के सातों स्वर व्याकरण के सूत्रों का सृजन हुआ है। भगवान शिव के भव्य भाल पर सुशोभित गंगा त्रैलोक्य को पवित्र तथा पावन बनाती है। वहीं दूसरी और उनके ललाट पर स्थित तीसरा नेत्र ज्ञान का प्रतीक है। चिन्मयानंद बापू ने बताया कि यह तीसरा नेत्र प्रत्येक प्राणी के पास ज्ञान के रूप में विद्यमान है लेकिन सद्गुरु की कृपा के बगैर इसका खुलना असंभव है। उन्होंने आगे बताया कि सती की गलती सिर्फ इतनी थी कि उन्होंने श्रीराम कथा को पूरी निष्ठा के साथ श्रवण नहीं किया। इसलिए वे सीता के वियोग में तड़पते राम को पहचान सकी और वे ही सती दूसरे जन्म में पार्वती बनी। उन्होंने भगवान शिव को प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की तब भगवान शिव ने उन्हें श्रीराम की आज्ञा से पुनः स्वीकार किया। मंत्रोच्चार से गुंजायमान रहा परिसर श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के दूसरे दिन मंत्रोच्चार से सारा आयोजन स्थल गुंजायमान रहा। लक्ष्मी एवं विष्णु भगवान के सहस्त्र नामों के साथ मुख्य यजमान व अन्य भक्तों ने यज्ञ में आहुतियां डालीं। श्री राम जन्मोत्सव समिति एवं जीवन आनंद फाउण्डेशन के तत्वावधान में आयोजित महायज्ञ के दूसरे दिन भक्तों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर अपने को लक्ष्मीनारायण भगवान से जोड़ा।

# जुनवानी रोड पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वालों को किया बेदखल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 17 दिसंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध कब्जा करने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है, जोन 01 नेहरूनगर क्षेत्र में निगम के राजस्व विभाग की टीम ने शंकराचार्य कॉलेज रोड जुनवानी में सड़क किनारे बांस, बल्ली आदि से कब्जा कर व्यवसाय करने वाले कई लोगो को बेदखल किया है तथा ट्रैफिक भी क्लियर कराया है। शिकायत पर 15 से अधिक स्थानों पर कार्यवाही करते हुए तोड़फोड़ उपरांत सामग्री को जप्त भी किया गया। निगम क्षेत्र में अतिक्रमण, अवैध निर्माण व अवैध प्लाटिंग करने वालों पर शिकंजा कसने निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारी/कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में अवैध अतिक्रमण व कब्जा करने वालों पर कार्यवाही की गई है। जोन 01 नेहरूनगर के जोन आयुक्त राजेन्द्र नायक ने बताया कि शंकराचार्य कॉलेज रोड जुनवानी में सड़क के किनारे अवैध कब्जा करने वाले लोगो को हटाने की कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि जुनवानी चौक से लेकर शुभम के मार्ट तक अतिक्रमण के उद्देश्य से सड़क के दोनो ओर विभिन्न स्थानों पर गुमटी, बांस, बल्ली व तिरपाल से अस्थाई घेरा कर तथा सड़क बाधा कर व्यवसाय किया जा रहा था, जिसकी जानकारी मिलने राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर उपस्थित होकर उन्हें स्वयं से कब्जा हटाने समझाइश दी थी। लेकिन नहीं मानने पर जोन 01 की टीम तोड़फोड़ दस्ते के साथ पहुंची और तोड़फोड़ कर सामग्री को जप्त भी किया। बेतरतीब तरीके से सड़क किनारे अस्थाई रूप से दुकान लगाकर अवैध रूप से व्यवसाय करने के कारण जगह-जगह गंदगी फैल रही थी तथा इन दुकानों के सामने अव्यवस्थित तरीके से वाहनों के पार्किंग होने से आवागन बाधित होता था, जिसकी शिकायत नागरिकों द्वारा की गई थी। इस मार्ग पर स्कूल, कॉलेज और हास्पिटल होने की वजह से मार्ग में हमेशा भीड़-भाड़ रहता है इसलिए आवागमन में कोई बाधा न हो इसे देखते हुए कार्यवाही की गई।



### नेहरू आर्ट गैलरी में कलाकारों की चित्रकला प्रदर्शनी उद्घाटित

**भिलाई, 17 दिसंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग ने नगर सेवाएं विभाग के सहयोग से सिविक सेंटर, इंदिरा प्लेस में स्थापित नेहरू आर्ट गैलरी में गुरुवार 15 दिसम्बर को इस्पात नगरी के छः कलाकारों द्वारा निर्मित एक चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन संयंत्र के कार्यपालक निदेशक खदान तपन सूत्रधार ने, कार्यपालक निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन एम एम गद्रे और अन्य अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन करके किया। तीन दिवसीय इस चित्रकला प्रदर्शनी में सुश्री ईवनी श्रीवल्ली, सुश्री एस जय लक्ष्मी, सुश्री निशा दास, सुश्री गंगा चक्रधारी, सुश्री आस्था अग्रवाल एवं ललित अग्रवाल द्वारा बनाए गए चित्रों की एक समूह प्रदर्शनी आयोजित है। इस प्रदर्शनी में कलाकारों द्वारा निर्मित 60 ऑइल पेंटिंग्स लगाई गई है। इन पेंटिंग्स में प्रकृति, लैंडस्केप, पोट्रेट और एब्सट्रैक्ट आर्टवर्क का सुंदर संयोजन किया गया है। प्रदर्शन के चित्रों में रंगों का बेहतरीन संयोजन भी दिखाई पड़ता है।

# राज्य सरकार की योजनाओं का पूरी संवेदनशीलता के साथ क्रियान्वयन करें:सिंहदेव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,17 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार की चार वर्ष पूरे होने के ठीक दो दिन पहले गुरूवार को राज्य सरकार के दो वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री कबीरधाम जिले के एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे। राज्य सरकार के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण चिकित्सा शिक्षा, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन एवं वाणिज्यकर मंत्री एवं कबीरधाम के प्रभारी मंत्री श्री टीएस सिंहदेव ने कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर के साथ कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के कार्यो और शासन के महत्वाकांक्षी विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर, क्रेडा के सदस्य श्री कन्हैया अग्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा होरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्री ऋषि शर्मा, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष श्री नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष श्री चोवाराम साहू, कलेक्टर श्री जनमेजय महोब, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह, डीएफओ श्री चूड़ामणि सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल सहित एवं समस्त जनपद अध्यक्ष तथा जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। जिला प्रभारी मंत्र टीएस सिंहदेव ने समीक्षा बैठक में 32 विभागों के कामकाज की गहन समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा बैठक में जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, आदिवासी बाहूल्य विकासखंड बोड़ला एवं पंडरिया क्षेत्र के सुदूर वनांचल क्षेत्र के लोगों को मूलभूत सुविधाएं स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी सहित आवश्यक सुविधा मुहैया कराने के लिए विशेष जोर दिया। प्रभारी मंत्री श्री सिंहदेव ने समीक्षा बैठक में राज्य के प्रथम गन्ना बेस एथेनॉल प्लांट की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि एथेनॉल प्लांट राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। बैठक में बताया गया कि नए वर्ष के मार्च तक निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत वनांचल के बैगा बसाहवट गांवों में चल रहे कार्यो की निरतंर मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुराजी गांव योजना के तहत समीक्षा करते हुए कहा कि जिन गांवों में गौठान स्वीकृत है उसे पूरा करें। उन्होंने जिले में वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन के लाभ के बारे में जानकारी लेते हुए रासायनिक खाद के उपयोग में कमी और जैविक खाद की उठाव की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष मुहिम चल रही है। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए गोधन न्याय योजना के तहत इस मुहिम की शुरूआत कर दी है। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले के किसानों को जैविक खेती के प्रति प्रोत्साहित करें। उन्होंने जिले में सुगंधित धान फसल की जानकारी ली । मंत्री श्री सिंहदेव ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा कि यह राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। उन्होंने धान उपार्जन केन्द्रों से धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान विक्रय करने के लिए बचे शेष किसानों को इस समयवधि में शत-प्रतिशत धान खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### एसएमएस 2 के हाई स्पीड कास्टर-6 ने एक बार फिर बनाया नया रिकॉर्ड

**भिलाई, 17 दिसंबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र का स्टील मेल्टिंग शॉप-2 दिसम्बर महीने में निरन्तर नए कीर्तिमान बना रहा है। एसएमएस-2 के हाई स्पीड कास्टर नंबर 6 ने एक बार फिर 16 दिसंबर 2022 को सिंगल सीक्वेंस में 40 हीट का नया रिकॉर्ड बनाया, जबकि इस टंडिश के जीवन काल की गारंटी 17 हीट्स की है। 14 दिसंबर 2022 को हासिल किए गए 37 हीट के पिछले सर्वश्रेष्ठ को पार करते हुए यह नया कीर्तिमान दर्ज किया। इससे पूर्व 10 दिसंबर 2022 को कास्टर 6 ने सिंगल सीक्वेंस में 36 हीट का उत्पादन कर नया रिकॉर्ड कायम किया था जो 6 दिसंबर 2022 को हासिल किए गए 35 हीट के पिछले रिकॉर्ड से कहीं अधिक था। कास्टर 6 टीम द्वारा उच्च स्तर की परिचालन दक्षता के माध्यम से रिकॉर्ड प्रदर्शन संभव हुआ है। मुख्य महाप्रबंधक एस के घोषाल और संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने टीम को बधाई दी। 14 दिसंबर को जब कास्टर 6 ने 37 हीट का उत्पादन कर नया रिकॉर्ड बनाया था, तब मुख्य महाप्रबंधक एस के घोषाल और कास्टर 6 टीम के सदस्यों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से केक काटकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया गया था।

# शादीशुदा व्यक्ति ने प्रेमिका से रचाई शादी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई,17 दिसंबर।** पुरानी भिलाई थाना में एक अजब ही मामला आया है जहां विवाहित महिला को एक विवाहित पुरुष से प्रेम हुआ। इसके बाद दोनों ने मंदिर में शादी भी कर ली। लेकिन, आरोपित ने अपनी शादी की बात महिला से छिपाई थी। आरोपित अभनपुर से सप्ताह में दो से तीन बार महिला से मिलने आया करता था। ये सिलसिला करीब तीन साल तक चला। लेकिन, एक दिन रायपुर के एम्स में महिला ने आरोपित को उसकी पत्नी और बच्चों को देख लिया। वहां पर उनके बीच जमकर विवाद हुआ। इसके बाद महिला ने आरोपित की पत्नी के पास अपनी और आरोपित की शादी की फोटो भेज दी। इस बात से नाराज होकर आरोपित ने उसके पहले पति को महिला के साथ अपनी आपत्तिजनक फोटो भेज दी। इसके बाद महिला ने पुरानी भिलाई थाना में आरोपित के खिलाफ शिकायत की। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी कर उसे गिरफ्तार किया है भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि रहने वाली 32 वर्षीय महिला और ग्राम खोरपा अभनपुर निवासी आरोपित प्रकाश साहू (39) की वर्ष 2019 में फेसबुक पर दोस्ती हुई थी। महिला शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं। आरोपित भी शादीशुदा है और उसके भी दो बच्चे हैं। लेकिन, आरोपित ने अपनी शादी और बच्चों की बात महिला से छिपाई थी। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग शुरू होने पर उन्होंने मुलाकात के कुछ दिनों बाद ही महादेव घाट रायपुर के मंदिर में शादी कर ली थी। शादी के बाद भी महिला अपने पहले पति और बच्चों के साथ ही रहती थी। आरोपित सप्ताह में दो से तीन बार भिलाई-3 आता था और महिला से मिलकर जाता था। पिछले सप्ताह महिला की तबीयत खराब हुई तो वो इलाज के लिए एम्स पहुंची। वहां पर आरोपित भी अपनी पत्नी और बच्चों को लेकर पहुंचा था। महिला ने आरोपित को दूसरी महिला और बच्चों के साथ देखा तो उससे उनके बारे में पूछा। आरोपित के साथ गई महिला ने खुद को उसकी पत्नी बताया तो पीड़िता ने कहा कि वो उसकी पत्नी है। इस बात को लेकर दोनों के बीच जमकर विवाद भी हुआ पीड़िता ने अपनी बात साबित करने के लिए आरोपित की पत्नी का मोबाइल नंबर लिया और घर जाकर आरोपित के साथ की शादी की फोटो भेज दी।

फेसबुक पर पीड़िता और आरोपित की हुई थी मुलाकात

अस्पताल में आरोपित की पत्नी व बच्चों से मिलने के बाद हुई विवाद की शुरुआत



### अंतर इस्पात संयंत्र बैडमिन्टन प्रतियोगिता हेतु बीएसपी टीम चयनित

**भिलाई, 17 दिसंबर।** बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा दिनांक 20 से 22 दिसम्बर 2022 तक बोकारो में अंतर इस्पात संयंत्र बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। इस प्रतियोगिता में दुर्गापुर इस्पात संयंत्र, बोकारो इस्पात संयंत्र, इस्को इस्पात संयंत्र, टाटा स्टील प्लांट, आरआईएनएल विशाखापट्टनम इस्पात संयंत्र, एलॉय स्टील प्लांट सहित अन्य संयंत्र की टीमें भाग ले रही है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम में कप्तान, प्रवीण कुमार उपाध्याय, जसमीत सिंह, आर्यन शर्मा, शिशिर, कोच जे महबूब जॉन शामिल है। बोकारो में अंतर इस्पात संयंत्र बैडमिन्टन प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम के बेहतर प्रदर्शन की कामना के साथ क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के उप महाप्रबंधक सहीराम जाखड़ एवं सहायक प्रबंधक अभिजीत भौमिक ने अपनी शुभकामनाएं दी है।

# युगांडा में दिखी भारतीय मूल्यों की झलक : चतुर्वेदी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 17 दिसंबर।** अफ्रीकी देशों की यात्रा से लौटे अंतराष्ट्रीय चित्रकार एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसम्पर्क विभाग से अवकाश प्राप्त अधिकारी महेश चतुर्वेदी ने तरुण छत्तीसगढ़ से अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि पूर्वी अफ्रीकी देश युगांडा में सबसे लोकप्रिय नील नदी के उद्गम स्थल और भूमध्य रेखा ने उन्हें न केवल रोमांचित किया बल्कि प्रकृति के रहस्यों से भरी हमारी प्यारी-सी यह धरती किस प्रकार स्पंदित हो रही है यह भी प्रत्यक्षतः देखने को मिला। उन्होंने बताया कि नील नदी का उद्गम स्थल ब्रह्माण्ड का सुन्दर सन्देश देता प्रतीत होता है जहाँ सूरज की रोशनी नहीं पहुँचती और घुप्प अँधेरा है। झाग बलन्द करता चौड़ा पाट सहज ही आकर्षित करता है। यहीं पर समूह में कुछ अनाथ बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर रहे थे। उन लोगों ने उनके साथ ही उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम चतुर्वेदी को भी अपने मध्य बुलाकर थिरकने पर मजबूर कर दिया। भावुक चतुर्वेदी दंपती ने उन अनाथों की आर्थिक मदद कर भारतीय मूल्यों के शाश्वत स्तम्भ को और मजबूत कर दिया। यहाँ भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की शांति और अहिंसा की सीख देती प्रतिमा स्थापित है जिसके पास खड़े होकर लोग छयाचित्र लेते हैं। भूमध्य रेखा पर खड़े होकर रोमांच का अनुभव साझा करते हुए चतुर्वेदी ने बताया कि एक पात्र में पानी रख उसमे फूल डालकर भूमध्य रेखा के बाएं रखने पर फूल बड़ी तेजी के साथ बाएं घूमने लगता है और दाएं रखने पर फूल के घूमने का क्रम दाएं हो जाता है और मध्य में रखने पर फूल नीचे चला जाता है ! यह प्रकृति और विज्ञान का अद्भुत नजारा है। चतुर्वेदी ने बताया कि युगांडा के लोगों में भारत के प्रति असीम प्रेम देखने को मिला। वहाँ की अर्थव्यवस्था पहले की अपेक्षा बेहतर है। युगांडा के साहित्य कला और संस्कृति की तारीफ करते हुए चतुर्वेदी ने वहां के नौजवान चित्रकार सिल्वर के बनाये चित्रों को दिखाते हुए कहा कि इन चित्रों में मानवीय मूल्य प्रतिबिंबित होते हैं। संगीत के क्षेत्र में भी लोगों को खासी रुचि है। भारत की तरह वहां भी कृषि और वनोपज पर लोग आश्रित हैं और केले की उपज बहुतायत है। अन्य फसलों में सब्जियां, कपास, कहवा, गन्ना, तंबाकू, कॉफी-चाय की उपज महत्वपूर्ण है। वनो की अधिकता के चलते लकड़ियां खूब होती हैं यहाँ तक कि विद्युत पोलों तक के लिए लकड़ी का प्रयोग होता है। वहां वन्य प्राणियों की भी बहुतायत है। मगरमच्छ म्यूजियम लोगों को सहज ही आकर्षित करता है जहाँ सौ सालों तक के मगरमच्छ की प्रजातियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। पांच-पांच फ़ीट तक की बड़ी-बड़ी छिपकलियों का नजारा देखकर विस्मय होता है। युगांडा में नागरिक अनुशासन और ईमानदारी की तारीफ करते हुए चतुर्वेदी ने कहा कि वहां की राजधानी कंपाला में एजुकेशन और अपने विकास को लेकर लोग बहुत आगे हैं। आधुनिकता और फैशन का भी बोलबाला है। युगांडा के लोगों की ईमानदारी का बखान करते हुए महेश चतुर्वेदी ने बताया कि लौटने के समय हवाई अड्डे पर परिचारिका ने उनके और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम चतुर्वेदी के चेकआउट, सिक्युरिटी जाँच आदि में पूरी आत्मीयता बरती और जब वे हवाई जहाज में बैठ गए और कुछ ही मिनट उड़ान को शेष थे कि विमान में वह परिचारिका लपकती-हांफती हुयी आई और खोजकर उसके पास रह गए उनके बाकी पैसे वापिस कर मुस्कुराती हुयी लौट गयी। यह निशानी थी कि युगांडा अपने विकास दर के साथ ही उच्च मानवीय मूल्यों में भी निरंतर निखार ला रहा है। भारतीय भी उसमे सहभागी हैं।

# युवा कांग्रेस के प्रशिक्षण शिविर में मुख्यमंत्री ने युवाओं को किया प्रशिक्षित

### युवाओं को कांग्रेस के इतिहास, बूथ मैनेजमेंट, सोशल मीडिया एवं मीडिया पर प्रशिक्षण दिया गया

**रायपुर 17 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ी युवा कांग्रेस द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर युवा क्रांति बुनियादी का आज अंतिम दिन था इन तीन दिवसीय परीक्षण शिविर में विभिन्न विषयों पर छत्तीसगढ़ प्रदेश यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया इस प्रशिक्षण में राष्ट्रीय एवं प्रदेश के कांग्रेस नेताओं ने विभिन्न विषयों पर पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया आज अंतिम दिन पर ध्वजारोहण कर प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत की गई इसमें युवाओं को कांग्रेस के इतिहास बूथ मैनेजमेंट सोशल मीडिया एवं मीडिया के बारे में प्रशिक्षण दिया गया आज के मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल मौजूद थे उन्होंने भी युवाओं को प्रशिक्षण दिया।।मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज के परीक्षण शिविर कार्यक्रम में यूथ कांग्रेस के सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और




कहां की यह प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम में जिन विषयों को आपके सामने रखा गया है प्रशिक्षण दिया गया है अपने साथ अपने राजनीतिक जीवन में हमेशा ही आपके लिए लाभदायक होगा मैं भी युवा कांग्रेस में भूतपूर्व जिलाध्यक्ष रहा हूं और वही से मेरे राजनीतिक जीवन की शुरुआत हुई है और आज आप सबसे ज्यादा अपने वार्ड एवं बूथ तक जाकर संगठन को मजबूत करें यदि नीचे स्तर पर सारी चीजें मजबूत होगी तो यूथ कांग्रेस का प्रदेश स्तर भी अपने आप ही मजबूत दिखने लगेगा आपको विशेषकर लगातार नीचे स्तर पर बैठक करनी है क्योंकि आप सभी अभी प्रदेश एवं जिले के पदाधिकारी हैं आपको इस प्रशिक्षण शिविर से निकलकर अपने बूथ स्तर तक जाकर उसे मजबूत करना है।

भिलाई विधायक देवेंद्र यादव प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों को कहा कि ज्यादा से ज्यादा युवाओं को राजनीति में आना चाहिए यदि युवा राजनीति में आएंगे तो परंपरागत तरीके की राजनीति खत्म कर एक नए जोश के साथ नई राजनीति चालू होगी युवाओं को मौका पूरे देश में एक ही पार्टी दे सकती है वह कांग्रेस पार्टी है और उसका जीता जागता उदाहरण में हूं मुझे एनएसयूआई से निकलने के बाद ही महापौर का चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी ने ही टिकट दिया था और आज आप सबके बीच में मैं विधायक के रुप में मौजूद हूं।।

प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर युवा क्रांति बुनियादी आज अंतिम दिन था इस अंतिम दिन में हमने बहुत से विषयों पर अनेक राष्ट्रीय एवं प्रदेश के कांग्रेस नेताओं से अलग-अलग सामाजिक संगठन के लोगों से प्रशिक्षण प्राप्त किया मैं आप सबको बताना चाहूंगा जब आप इस परीक्षण शिविर से जाएंगे तो आप इन तीन दिवस में हुए प्रशिक्षण को आपके राजनीतिक जीवन में एक अहम योगदान निश्चित तौर पर रहेगा।

आज के प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश प्रभारी डॉक्टर पलक वर्मा सह प्रभारी इकबाल गरेवाल प्रियंका सरासर एवं भिलाई विधायक देवेंद्र यादव प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा पूर्व राष्ट्रीय महासचिव दीपक मिश्रा जी मौजूद थे।

## एक नजर

### महापौर सहित निगम पदाधिकारियों ने दी गुरू घासीदास जयंती की बधाई

**राजनांदगांव 17 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने बाबा गुरू घासीदास जी की जयंती पर सतनामी समाज को शुभकामनाएं दी है। अपने शुभकामना संदेश में महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि बाबा गुरू घासीदास छुआछुत एवं जातपात के कुंठा विचार को समाज से हटाने वालों में से थे। वे सत्य, अहिंसा एवं मानवता का संदेश समाज को दिये तथा सब मनुष्यों को एक समान मानते थे। निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता,निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, नेताप्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर बंजारी, सतीश मसीह, संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, विनय झा, गणेश पवार, श्रीमती दुलारी बाई साहू, राजा तिवारी, श्रीमती बैना बाई टुरहाटे, राजेश गुप्ता चम्पू, वरिष्ठ सभापति श्री अब्दुल समद खान, कनिष्ट सभापति श्री गामेन्द्र नेताम, अपील समिति के सदस्यों श्रीमती शकीला बेगम, श्रीमती मधु बैद, श्री ऋषि शास्त्री,जिला योजना समिति के सदस्य श्री सिद्धार्थ डोंगरे व श्री अमीन हुड्डा, पार्षदों एवं नामांकित पार्षदगणों ने गुरू घासीदास जी की जयंती के अवसर पर उनके अनुयायियों के सुख-समृद्धि एवं आरोग्य की कामना करते हुए उनकी जयंती को अपूर्व उमंग उल्लास के साथ मनाने की अपील की है।

### 18 दिसम्बर को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव 17 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार गुरूघासी दास जयंती के उपलक्ष्य में दिनांक 18 दिसम्बर दिन रविवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। उन्होने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने, 5000 रूपये अर्थदण्ड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 19 दिसम्बर से 10 जनवरी तक वार्डों में शिविर

**राजनांदगांव 17 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कडी में हितग्राहियों को पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 19 दिसम्बर 2022 से 10 जनवरी 2023 तक प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 19 दिसम्बर को बजरंगपुर वार्ड नं. 01 के लिये साहू धर्मशाला बजरंगपुर नवागांव में, महात्मा बुद्ध वार्ड नं. 2 के लिये लोधी भवन में व पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी वार्ड नं. 4 के लिये पंचायत भवन नया ढाबा व स्कूल के पास मंच पुराना ढाबा में, 20 दिसम्बर को मोतीपुर वार्ड नं. 3 व राम नगर वार्ड नं. 8 के लिये मोतीपुर स्कूल सामुदायिक भवन में व राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नं. 11 के लिये ओव्हर ब्रिज के नीचे आंगनबाडी में तथा 21 दिसम्बर को चिखली वार्ड नं. 5 के लिये शीतला मंदिर चिखली में, शासकीय मुद्रणालय वार्ड नं. 6 के लिये चिखली स्कूल में व महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड नं. 10 के लिये शिवमंदिर शांति नगर में शिविर का आयोजन किया गया है।

### नो पार्किंग में रखे वाहनों पर चालानी कार्रवाई जारी



**राजनांदगांव 17 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले के मार्गदर्शन में डीएसपी यातायात दिलीप सिसोदिया के नेतृत्व में यातायात पुलिस राजनांदगांव द्वारा अभियान चलाकर नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के मालिकों पर चलानी कार्यवाही की गई। जिसके तहत फव्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, आजाद चौक, गुड़ाखू लाइन, पोस्ट ऑफिस से गुरुद्वारा चौक, गंज लाइन आदि तक कुल 41 दोपहिया एवं चारपहिया वाहन मालिकों के विरूद्ध चलानी कार्यवाही की गई, यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। यातायात नियमों का पालन करे और सुरक्षित रहें।

### सड़क पर कचरा फेंका, नगर निगम ने किया जुर्माना

**रायपुर 17 दिसंबर।** जोन कमिश्नर पाठक के नेतृत्व एवं स्वच्छता निरीक्षक कलिहारी और स्वच्छता पर्यवेक्षक तिवारी की उपस्थिति में प्राप्त जनशिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने जोन क्रमांक 9 क्षेत्र में वीआईपी रोड स्थित गौरव गार्डन परिसर के सामने के मुख्य मार्ग का आकस्मिक निरीक्षण किया। गौरव गार्डन प्रबंधन द्वारा मुख्य सड़क मार्ग पर कचरा फेंका जाना स्थल पर पाया गया। चेतावनी देते हुए तत्काल 5000 रूपये का जुर्माना किया गया एवं प्राप्त जनशिकायत का जोन के स्तर पर त्वरित निदान किया गया।

## निधन

### शंकर सिंह ठाकुर

**राजनांदगांव 17 दिसंबर।** सिंघोला निवासी



शंकर सिंह ठाकुर का आज प्रातः आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 72 वर्ष के थे। श्री ठाकुर रोमेश ठाकुर, प्रवीण सिंह ठाकुर एवं पत्रकार उमेश ठाकुर (नीटू) के पिता थे! वे नाती-पोतों सहित भरापूरा छोड़ गए!

## जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 17 दिसंबर।** जिले में केंद्र सरकार द्वारा संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय बीजापुर में छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। ज्ञात हो कि जवाहर नवोदय विद्यालय बीजापुर में चारों ब्लॉकों से आने वाले 362 छात्र - छात्राओं, जिसमें 201 छात्र तथा 161 छात्राएं सम्मिलित रहे है। इन सभी छात्र- छात्राओं हेतु मुख्यालय विद्यालय में ही जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सकों तथा चिकित्सा सहायकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें डॉक्टर सजल बाफना, डॉक्टर पूर्णिमा गहलोत, राजा (फार्मासिस्ट) तथा विपिन (सहायक) योगदान रहा। इस स्वास्थ्य शिविर में विद्यालय के डॉक्टर संदीप कुमार यादव, संघर्ष कुमार, कमल कुमार, कविता कुशवाहा तथा माधवी दुर्गम (नर्स) ने भी योगदान दिया। इस हेल्थ चेकअप में सभी बच्चों के रक्त की जांच के अलावा नेत्र परीक्षण भी किया गया। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के आयोजन के लिए विद्यालय प्राचार्य वीरेन्द्र श्रीवास्तव ने जिलाधीश सह -अध्यक्ष नवोदय विद्यालय प्रबंधन समिति राजेंद्र कुमार कटारा एवं जिला चिकित्सालय के चिकित्सक एवं चिकित्सा सहायकों का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन किया।



## 2 दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**राजनांदगांव 17 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री लखन पटले एवं उप पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा मेडम के मार्गदर्शन में अनुभाग डोंगरगांव में दुरस्थ वनांचल गांव से आये लगभग 200 खिलाड़ियों के लिए 02 दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस थाना डोंगरगांव के पिछे मैदान में किया गया था, जिसमें 28 टीमों ने भाग लिया। दिनांक 16.12.2022 एवं 17.12.2022 को अलग-अलग भागों में बांटकर प्रतियोगिता कराई जा रही है। दिनांक 17.12.22 को दिग्गज टीमो के बीच फाईनल भीड़त की जावेगी। प्रतियोगियों के लिए जिला पुलिस राजनांदगांव द्वारा किट उपलब्ध कराया गया। डोंगरगांव अनुभाग के तरफ से खिलाड़ीयों के लिए भोजन, पानी व चिकित्सीय सुविधा हेतु मोबाईल मेडिकल युनिट की व्यवस्था की गई, नगर पालिका परिसर की ओर से पीने का स्वच्छ पानी हेतु टेंकर प्रदाय किया गया। डोंगरगांव क्षेत्र के लोगों के सहायता से मैदान में टेंट व कबड्डी मैदान हेतु मेट की व्यवस्था की गई।



## सांसद मोहन मंडावी भाजपा कार्यकर्ताओं से हुए रूबरू



**नगरी 17 दिसंबर।** कांकेर लोकसभा के सांसद मोहन मंडावी ने अपने एक दिवसीय देवभोग प्रवास के दौरान नगरी के वन विश्राम गृह में भाजपाइयों से मुलाकात किया जहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा सांसद का आत्मीय स्वागत किया गया, ज्ञात हो कि सांसद मंडावी बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के देवभोग मंडल प्रवास पर थे इस दौरान आज नगरी वन विश्राम गृह में कार्यकर्ताओं से भेट कर चर्चा किए, चर्चा के दौरान पूर्व विधायक श्रवण मरकाम भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा,जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला,मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा,कमल डागा,अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेंद्र नेताम,मंडल के महामंत्री राम गोपाल साहू सहित बनरौद से आए मानस समिति के सदस्य उपस्थित रहे। मानस समिति के सदस्यों ने उन्हें 25 दिसंबर को मानस सम्मेलन के समापन में आने हेतु आमंत्रण दिया।जिसे सहर्ष स्वीकार करते हुए उन्होंने 25 दिसंबर को बनरौद आने के लिए आश्वस्त किया।

### केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक खेल दिवस पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

**बीजापुर 17 दिसंबर।** एजुकेशन सिटी में स्थित केन्द्रीय विद्यालय बीजापुर में शुक्रवार को वार्षिक खेल दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवि कुमार साहू नामित अध्यक्ष, (मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीजापुर एवं विशिष्ट अतिथिगण प्रेम कुमार प्रेमी, संयुक्त कलेक्टर बीजापुर एवं यशवंत कुमार ध्रुव, सिविल सर्जन, जिला चिकित्सालय बीजापुर ने उपस्थित होकर विद्यालय के छात्रों का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य राकेश टी कांतिवाल ने उपस्थित समस्त अतिथियों एवं अभिभावकों का औपचारिक रूप से स्वागत किया गया। विद्यालय में कार्यक्रम का प्रारम्भ स्वागत गीत एवं लोक नृत्य के साथ हुई। तत्पश्चात विद्यालय परिसर में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य अतिथि ने समस्त विजेता, उप विजेता छात्रों एवं प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के संचालन में समस्त शिक्षकों का योगदान विशेष उल्लेखनीय रहा।



## कोपेडीह में कल्याणी इस्पात की जनसुनवाई सम्पन्न

**राजनांदगांव 17 दिसंबर।** मेसर्स, कल्याणी इस्पात प्रायवेट के द्वारा ग्राम कोपेडीह में प्रस्तावित इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट की स्थापना हेतु पर्यावरण स्वीकृति प्राप्त करने के लिए जन परामर्श का सफलतापूर्वक संपादन आज दिनांक 16 दिसम्बर 2022 को हुआ । जन सुनवाई की प्रक्रिया श्रीमान सी. एल. मार्कंडेय अतिरिक्त जिलाध्यक्ष राजनांदगावं की अध्यक्षता में एवं छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी श्री विजय सिंह पोर्ते के साथ छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल के अन्य अधिकारियों साथ ही स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों, पुलिस प्रशासन की उपस्थिति में अत्यंत शांतिपूर्ण सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। जन परामर्श में ग्राम कोपेडीह, टेडेसरा, जोरातराई, दुर्ग एवं अन्य आसपास के गांव के लगभग 500 से अधिक ग्रामवासियों ने उद्योग की स्थापना के संबंध में अपने विचार विमर्श एवं सुझाव रखे। उद्योग के पक्ष में आधे से अधिक लोगों ने अपने मौखिक विचार एवं लिखित विचार रखे एवं उद्योग की स्थापना से होने वाले क्षेत्रीय विकास, रोजगार के नए अवसर तथा आर्थिक विकास के लक्ष्य से उद्योग के सफल स्थापना हेतु सुझाव एवं समर्थन दिया । वहीं लगभग एक तिहाई ग्रामवासियों के मन में उद्योग के स्थापना से संभावित वायु प्रदूषण एवं उसके कारण कृषि एवं स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में अपनी आशंका एवं आपत्तियां बताई गई। इसकी अनुक्रिया में उद्योग ने अत्यधिक आधुनिक वायु प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों की स्थापना से धूल कण उत्सर्जन को 30 मिलीग्राम प्रति घनमीटर से कम रखने तथा 33 प्रतिशत से अधिक भूभाग में वृक्षारोपण एवं जीरो डिस्चार्ज के साथ शिवनाथ नदी से जल आपूर्ति लेने की व्यवस्था का विवरण दिया एवं ग्रामविसयों को आश्वस्त किया कि उद्योग के स्थापना एवं संचालन से कृषि, स्वास्थ्य एवं मिट्टी पर किसी प्रकार का दुष्प्रभाव नहीं पड़ेगा। साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता देने एवं कार्पोरेट एनवायरमेंट रिस्पांसिबिलिटी के अंतर्गत ग्राम कोपेडीह एवं ग्राम मगरलोटा को अंगीकृत करने का संकल्प लिया। उद्योग प्रतिनिधि के रूप में श्री दिनेश यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा तकनीकी सलाहकार विकास ठाकुर एवं पर्यावरण प्रभाव आंकलन हेतु नरेश निषाद ने भाग लिया। उद्योग प्रबंधन की ओर से जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, पर्यावरण संरक्षण मंडल तथा समस्त ग्रामवासियों, जन प्रतिनिधियों तथा मीडिया लोगों के प्रति सभा के सफल संचालन में सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## गौरव दिवस मनाने की तैयारी का महापौर ने लिया जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 17 दिसम्बर।** राज्य सरकार के 17 दिसम्बर 2022 को 4 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर पूरे राज्य में छत्तीसगढ गौरव दिवस का आयोजन करने के दिये गये निर्देश के अनुक्रम में नगरीय क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर नगर निगम सभागृह में कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी का महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के साथ जायजा लेकर शासन के योजनाओं के स्टाल लगाने तथा अन्य व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने निरीक्षण के दौरान कहा कि कार्यक्रम मे लगे सभी अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करेगें। उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री जी के पूर्वान्ह 11:00 बजे राज्य की जनता के नाम प्रसादित संदेश के लिये एलईडी स्क्रीन एवं साउण्ड की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने निगम परिसर में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने लगाये जा रहे स्टॉल का निरीक्षण कर कहा कि शासकी की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं की नागरिकों को जानकारी देकर लाभान्वित हितग्राहियों का सम्मान किया जाये।

आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रातः 7:30 बजे से शहर के चार स्थानों जय स्तम्भ चौक, राजीव नगर, शंकरपुर एवं गौरी नगर में मोबाईल मेडिकल यूनिट लगाया जायेगा जहॉ स्वास्थ्य परीक्षण के साथ साथ हितग्राहियों को शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुये उनका सम्मान किया जायेगा। साथ ही धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स में भी दवा क्रय करने वाले लोगों का सम्मान किया जायेगा। इसके अलावा प्रातः 9:30 बजे से निगम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शासन की योजनाओं का स्टाल लगाया जा रहा है, जहॉ हितग्राहियों का सम्मान के साथ साथ मोर जमीन मोर आवास योजना के लिये आवेदन भराने तथा मितान के माध्यम से बच्चों का आधार कार्ड भी बनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि गौरव दिवस आयोजन के लिये सभी व्यापक व्यवस्था पूर्ण कर ली गयी है।

निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री गणेश पवार, जिला योजना समिति के सदस्य श्री सिद्धार्थ डोंगरे, पार्षद श्री अजय छेदैया, नामांकित पार्षद श्री एजाजूल रहमान, पार्षद प्रतिनिधि श्री संचिन टुरहाटे, उपायुक्त श्री सुदेश कुमार सिंह, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री यू.के.रामटेके व श्री सुनील अग्रहरि, प्र.सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम व श्री संदीप तिवारी, महापौर परिषद के सचिव श्री संजीव मिश्रा, प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री अशोक चौबे सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### पेंशनर समाज का वार्षिक अधिवेशन 19 को

**नगरी 17 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छ.ग.पेंशनर तहसील इकाई नगरी का वार्षिक अधिवेशन पेंशनर भवन नगरी में 19 दिसंबर को 11 बजे से आयोजित किया गया है जो कि प्रतिवर्ष इसे मनाते आ रहे हैं इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आसंदी को क्षेत्र के विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव विधायक सिहावा सुशोभित करेंगे जिसकी अध्यक्षता श्री ए एल बनपेला अध्यक्ष पेंशनर्स समाज नगरी करेंगे। इस वार्षिक अधिवेशन में विशेष अतिथि के आसंदी पर होंगे श्रीमती दिनेश्वरी नेताम अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, श्रीमती आराधना शुक्ला अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, श्री जियाउद्दीन रिजवी पार्षद वार्ड क्र.6 नगर पंचायत नगरी, चेतन भारती प्रांताध्यक्ष छ.ग. पेंशनर्स समाज रायपुर एवं श्री ऋषिराम कंचन वरिष्ठ पेंशनर नगरी उपस्थित रहेंगे, यह कार्यक्रम छ.ग. पेंशनर समाज के तहसील इकाई की एक शान है। जिसमें 80 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनरों का स्वागत एवं विशेष सम्मान किया जाता है।

### धरना-प्रदर्शन के बाद भाजपा नेताओं ने की सरकार के खिलाफ नारेबाजी

## प्रदेश की कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचारी, आगामी चुनाव में उखाड़ फेंकना है: विष्णु देव

**बीजापुर 17 दिसंबर।** जिला मुख्यालय के बस स्टैंड परिसर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्थानीय मुद्दों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। भाजपा के नेता अपने निर्धारित कार्यक्रम उपस्थित न होकर विलंब पहुंचे ?। सभा स्थल पर स्थानीय भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। इस धरना प्रदर्शन के बाद भाजपा नेताओं ने जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की तथा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, आबकारी मंत्री कवासी लखमा और स्थानीय विधायक विक्रम शाह मंडावी का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज किया। धरना प्रदर्शन में पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा और राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे, संजय पांडे, श्रीनिवास मुदलियार, घासी राम नाग महिला व युवा मोर्चा समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। धरना प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सरकार और विधायक को स्थानीय मुद्दों पर जमकर घेरा। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने उद्बोधन के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री समेत सभी कांग्रेसी विधायक एवं मंत्रियों को राज्य को लूटने वाली सरकार कहा। उन्होंने यह भी कहा कि पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार हावी और आरक्षण के मामले में प्रदेश के आदिवासियों को लगातार कांग्रेस सरकार का दोहरा चरित्र अपनाया है। तथा आदिवासियों का शोषण करने का षड्यंत्र रच रही है। पूर्वी केंद्रीय मंत्री विष्णु देव साय ने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार गौरव दिवस मना रही है जबकि यह कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचारी है। पूर्व वन मंत्री महेश गागड़ा ने बीजापुर विधायक और जिला प्रशासन पर स्थानीय भर्तियों में पैसों का लेनदेन कर युवाओं को नौकरी देने का आरोप लगाया है?। पूर्व महेश गागड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि अनुकंपा जैसी नियुक्तियों में भी पैसे लेनदेन की गई । धरना प्रदर्शन के बाद स्थानीय बस स्टैंड चौक में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, आबकारी मंत्री कवासी लखमा और स्थानीय विधायक विक्रम मंडावी का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज किया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता तथा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।




### तृतीय लिंग समुदाय के अधिकारों संबंधी प्रावधानों के प्रति जागरूकता लाने कार्यशाला संपन्न

**रायपुर 17 दिसंबर।** आज नगर निगम जोन 5 कार्यालय में तृतीय लिंग आयोग की सदस्य सुश्री रवीना बरिहा एवं मितवा संकल्प समिति की अध्यक्ष एवं अयोग की सदस्य सुश्री विद्या राजपुत द्वारा ब्लाक स्तर पर उभय लिंगी व्यक्ति के (अधिकारों का संरक्षण) कानून 2019 तथा उपनियम 2020 के प्रावधानों के प्रति जागरुकता हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया । आयोग की सदस्य सुश्री रवीना बरिहा ने तृतीय लिंग समुदाय की परिभाषा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश एवं उभयलिंगी व्यक्तियों के अधिकारो का संरक्षण अधिनियम 2019 व उपनियम 2020 के प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होने कहा कि देष में छतीसगढ़ एकमात्र ऐसा राज्य है।

## रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में बारह दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स का समापन



**रायपुर 17 दिसंबर।** मानव संसाधन विकास केंद्र पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय मे आज साहित्य भाषा संस्कृति का बदलता स्वरूप ÷ विषय पर दो सप्ताह का रिफ्रेशर कोर्स सम्पन्न हुआ । इसमें 10 राज्यों के जिनमे छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, उत्तराखंड केरल, कर्नाटक, गुजरात एवं अन्य राज्यों से 39 सहायक प्राध्यापकों ने भाग लिया द्य कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति प्रोफेसर केसरी लाल वर्मा रहे उन्होंने कार्यक्रम की पूर्णता पर कहा शिक्षा समाज का आवश्यक अंग है एक अच्छी शिक्षा व्यवस्था के बगैर एक अच्छे समाज की कल्पना नहीं की जा सकती पर यह कल्पना शिक्षकों के माध्यम से ही पूर्णता को प्राप्त करता है इसलिए शिक्षकों का उन्नयन एवं ज्ञान में परिमार्जन नितांत आवश्यक है द्य डॉ शैलेन्द्र सर्राफ निदेशक मानव संसाधन विकास केंद्र पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय रायपुर ने कहा साहित्य का सुख सर्वोच्च सुख है क्योंकि साहित्य समाज का सृजन करता है और सृजन से नवीन अवधारणा स्पष्ट होते हैं जिसका ज्ञान शिक्षक को होना आवश्यक है ताकि एक व्यवस्थित समाज को मूर्त रूप दे सके द्यकार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य एवं भाषा अध्ययन शाला के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर श्रीमती शैल शर्मा ने की। कार्यक्रम का समन्वय डॉ बृजेंद्र पांडे मानव संसाधन विकास केंद्र पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर ने की द्य कार्यक्रम के समापन में समस्त प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम को अपने व्यावसायिक एवं व्यक्तिगत जीवन के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण व जीवन मार्गी बताया द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साहित्य एवं भाषा अध्ययन शाला की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शैल शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा यह आयोजन कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागीयों के साथ -साथ साहित्य एवं भाषा अध्ययन शाला के सभी प्राध्यापकों के शैक्षिक उन्नयन के लिए भी महत्वपूर्ण रहा द्य इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शैक्षिक उन्नयन व सृजनात्मकता के साथ-साथ शिक्षा में गुणवत्ता के महत्व से अवगत कराना है द्य इस कार्यक्रम के कार्यक्रम समन्वयक डॉ बृजेंद्र पांडे ने सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम को निर्बाध गति से संचालित करने एवं रिफ्रेशर कोर्स के उद्देश्यों की पूर्णता में सहभागी हेतु बधाई दिया द्य उन्होंने कहा शिक्षा के साथ-साथ समाज में नित नए परिवर्तन एवं परिमार्जन हो रहे हैं, नई तकनीकी एवं नए परिवर्तनों से नवनियुक्त प्राध्यापक विषय विशेषज्ञों से लाभान्वित होंगे उन्होंने कहा एचआरडीसी रिफ्रेशर कोर्स के माध्यम से विश्व में हो रहे नित नए खोजों और तथ्यों से नव नियुक्त प्राध्यापकों को अवगत कराने हेतु इस तरह का आयोजन करते आ रहा है।

संपादकीय

# भारत जोड़ो यात्रा के सौ दिन

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के सौ दिन शुक्रवार को पूरे हो गए हैं। यह यात्रा इस लिहाज से ऐतिहासिक कही जा सकती है कि आज तक पं. जवाहर लाल नेहरू के परिवार से किसी ने इस तरह देश को भावनात्मक रूप से जोड़ने के लिए पदयात्रा नहीं की थी। राहुल गांधी जिनके बार में कहा जाता था कि उनकी कमजोरी है कि उनमें निरंतरता नहीं है, वे लगातार 100 दिन पदयात्रा कर साबित कर दिया है कि उनमें निरंतरता है किसी काम का बीड़ा उठाने पर उसे पूरा करने का माद्दा भी है। उनकी कमजोरी विदेश यात्रा मानी जाती थी, वह हर एक दो महीने में विदेश चले जाते थे। लेकिन पिछले 100 दिनों में वह एक बार भी विदेश नहीं गए हैं, इससे साबित होता है कि जब वह कोई लक्ष्य तय कर लेते हैं, उसे पूरा करने की पूरी कोशिश करते हैं। जहां तक इस यात्रा का पार्टी को होने वाले लाभ का सवाल है तो उन्होंने अपनी यात्रा से पार्टी में उत्साह का संचार किया है। देश के कई राज्यों में कांग्रेस नेता पदयात्रा कर रहे हैं तथा लोगों से पार्टी को जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इससे असंतोष के स्वर भी कम हुए हैं, राजस्थान में भी राहुल गांधी की यात्रा के दौरान अशोक गहलोत व सचिन पायलट एक साथ दिखे। उनकी यात्रा से मुर्दा से पड़ी, निष्क्रिय कांग्रेस आज गतिशील तो दिखती है। जहां तक इस यात्रा से राजनीतिक फायदे का सवाल है, कोई राजनीतिक फायदा हुआ है ऐसा दिखता नहीं हैं। उनकी यात्रा का किसी चुनाव में कोई फायदा नहीं हुआ है। हिमाचल में कांग्रेस चुनाव जीती जरूर है लेकिन भाजपा का जनाधार कम नहीं हुआ है जबकि कांग्रेस गुजरात में हारी है और उसका जनाधार बहुत ही कम हो गया है। इसी तरह एमसीडी में भी भाजपा हारने के बाद भी अपना जनाधार बचाने में सफल रही है लेकिन कांग्रेस दिल्ली में भी अपना जनाधार बचाने में असफल रही है। चुनाव में कांग्रेस को सफलता मिलने की उम्मीद कम है इसलिए कांग्रेस नेता इस यात्रा का राजनीतिक यात्रा बताने से बचते रहे हैं। वह कहते हैं यह यात्रा विचारधारा की लड़ाई के लिए है। वह कहते हैं कि राहुल गांधी की यात्रा का मकसद भाजपा की नफरत व बांटों की राजनीति से जनता को वाकिफ करना है। यह काम तो राहुल गांधी पहले भी करते रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि कांग्रेस व राहुल गांधी के इस तरह क बयानों के बावजूद भी भाजपा तो दो लोकसभा व कई विधानसभा चुनाव जीतती रही है। इससे तो यही पता चलता है कि कांग्रेस भाजपा की विचारधारा की आलोचना कर चुनाव नहीं जीत सकती। जनता पर उसकी बातों का इतना असर नहीं होता है कि जनता भाजपा को चुनाव में हरा दे। यही कांग्रेस व राहुल गांधी की असफलता है कि वह खुद तो पीएम मोदी से लोकप्रिय हो नहीं पा रहे हैं और न ही कांग्रेस की तमाम राजनीतिक कोशिशो के बाद भी पीएम मोदी की लोकप्रियता कम हो रही है। यह बात मानी जा सकती है कि राहुल गांधी की लोकप्रियता देश में बढ़ी है लेकिन वह पीएम मोदी से ज्यादा नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहेगा। आज प्रत्येक क्षेत्र में विरोधी परास्त होंगे। सामाजिक मान-सम्मान बढेगा। व्यापार विस्तार अथवा नए कार्य का आरंभ समय अनुकूल रहने पर भी आज ना करें। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। किसी परिचित से लंबे समय बाद भेंट से हर्ष एवं लाभ होगा। स्त्री एवं संतान के ऊपर खर्च करेंगे। किसी मार्गदर्शक से बात होने की पूरी संभावना है। दाम्पत्य का पूर्ण सुख मिलेगा। दुर्व्यसनों के कारण परिवार का वातावरण ख़राब न हो इसका ध्यान रखें।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**-आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहेगा। आज दिन भर शारीरिक रूप से चुस्त बने रहेंगे। कार्य क्षेत्र पर आपके कार्यो की प्रशंसा होगी। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी सामाजिक मान-सम्मान मिलेगा। किसी स्वजन के सहयोग से कर्ज से मुक्ति मिलेगी। विरोधी आज शांत रहेंगे। परिजनों के साथ धार्मिक यात्रा के योग है। संतान से सुख-सहयोग मिलेगा। फिर भी सरकार विरोधी अथवा अनैतिक क्रियाओं से दूरी बना कर रहें। आय-व्यय में संतुलन नहीं रहने से आर्थिक समस्या बन सकती है।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**-आपका आज के दिन का अधिकांश समय आराम से व्यतीत होगा। सामाजिक एवं धार्मिक कार्यो में योगदान देने से यश एवं सम्मान की प्राप्ति होगी। आप अपने पराक्रम से बिगड़े कार्यो को बना लेंगे प्रतिस्पर्धी नतमस्तक होंगे। धन लाभ संतोषजनक रहेगा। जायदाद एवं कानूनी कार्यो को जल्दबाजी में ना करे नुक्सान उठाना पड़ सकता है। गृहस्थ जीवन की जटिलताएं हल होंगी संतान की प्रगति से हर्ष होगा। महिला मित्रो से ज्यादा निकटता के कारण परेशानी हो सकती है।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-आपका आज का दिन सामान्य रहेगा फिर भी सेहत की अनदेखी न करें। पेट सम्बंधित समस्या बड़ा रूप ना ले इसका ध्यान रखे। कार्य क्षेत्र पर अधिकांश समय उबन में बीतेगा। व्यवसाय में निवेश एवं जोखिम के कार्य हाथ में लेना हानिकर रहेगा। आलस्य न करें। कारोबारी कार्य से यात्रा के योग है। अल्प लाभ से संतोष करना पड़ेगा। पारिवारिक मामलो को ज्यादा महत्त्व दें। सेहत का विशेष ध्यान रखें।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-आपका आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यवसाय नौकरी में मनचाही उन्नति मिलने से दिन भर प्रसन्न रहेंगे। आज आपके विचारो से सभी प्रभावित रहेंगे। दलाली के व्यवसाय में निवेश से विशेष लाभ की सम्भवना है। आपके सभी कार्य सहजता से पूर्ण होंगे जिससे उत्साह बढ़ेगा। परिजनों के साथ किसी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते है। संध्या का समय सगे-सम्बंधियों और मित्रों के साथ सुख में व्यतीत होगा। परन्तु लापरवाही अथवा व्यवहारिकता की कमी के कारण सम्बन्धों में खटास आ सकती है।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-आज के दिन आप ज्यादा मेहनत करने के मूड में नहीं रहेंगे परन्तु पुराने कार्यो अथवा कार्य क्षेत्र पर व्यवस्था बनाने में काफी परिश्रम करना पड़ेगा। मन में यात्रा के विचार दुविधा में डालेंगे। कार्य क्षेत्र पर किसी की लापरवाही के कारण नोंकझोंक हो सकती है। लोग आज स्वार्थ सिद्धि के कारण आपकी गलतियों को भी नजर अंदाज करेंगे। धन लाभ होते होते किसी विघ्न आने से टल सकता है। जल्दबाजी में किया गया कार्य बिगड़ सकता है धैर्य रखें।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-आपका आज का दिन सामान्यतः शुभ ही रहेगा। सेहत छोटी मोटी तकलीफों को छोड़ अनुकूल बनी रहेगी। अधिकारियो के आपके प्रति विश्वास एवं लक्ष्य के प्रति दृढ इच्छाशक्ति से कार्य करने पर मनचाही सफलता मिल सकती है। कार्य क्षेत्र पर सहयोगियों से किसी कारण मतभेद भी रहेंगे। किसी अप्रत्याशित सुख मिलने से परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। आवश्यक काम से यात्रा हो सकती है। अत्याधिक काम वासना के कारण सम्मान हानि की सम्भवना है। विदेश सम्बंधित मामलो में शुभ समाचार मिलेंगे।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-आपका आज का दिन मिलाजुला फलदायी रहेगा। आलस्य एवं शिथिलता के कारण कार्य के प्रति उत्साह नहीं रहेगा। किसी अरिष्ट की चिंता सताएगी। शेयर सट्टे में भारी हानि के योग है अनुभवी की सलाह लेकर ही निवेश करें। उधारी वाले व्यवहार परेशान कर सकते हैं। संध्या के समय स्थिति में सुधार आने से कुछ राहत मिलेगी। किसी महिला के द्वारा भाग्योदय होगा। दिन भर की क्रियाएं शुभ फल देने लगेंगी। धर्म-कर्म के गूढ़ रहस्यों को। जानने का सौभाग्य मिलेगा।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-आज का दिन आपके अनुकूल बीतेगा। प्रातः काल से ही हर परिस्थिति पर आपकी पकड़ रहेगी। बड़ो के मार्गदर्शन से व्यवसाय एवं पैतृक सम्बंधित लगभग सभी समस्याओं का समाधान होने से आय के नविन स्त्रोत्र बनेंगे। सरकारी कार्य भी थोड़े परिश्रम के बाद बन जाएंगे। पुराने अटके धन की प्राप्ति होगी। सामाजिक व्यवहार बढ़ेगा। आकस्मिक छोटी यात्रा के योग है। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। घरेलु वस्तु एवं संतानों के ऊपर खर्च करेंगे। धन की अपेक्षा आज संबंधो को महत्त्व दें।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-आज के दिन आपको प्रारब्ध अनुसार जितना मिले उसी में संतोष कर लेंगे। परन्तु फिर भी अंदरूनी तौर पर मन में कुछ ना कुछ कमी बनी रहेगी। कुंवारे जातको को योग्य जीवन साथी मिलने की सम्भवना रहेगी। परिजनों के साथ खरीददारी करेंगे। दैनिक रोजगार में आज अल्प लाभ से संतोष करना पड़ेगा। खर्च अधिक रहने से आर्थिक स्थिति प्रभावित होगी। सरकारी कार्य करने के लिए आज का दिन अनुकूल है। व्यसन एवं फिजूल खर्ची से बचें। किसी को मन की बात ना बताएं ना ही किसी के ज्यादा निकट रहें।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-आपका आज का दिन शुभ रहेगा। आज कार्य क्षेत्र पर अनुकूल वातावरण मिलने से उत्साह में वृद्धि होगी। सहकर्मियों एवं अधिकारियो का अपेक्षित व्यवहार मिलने से आशानुकूल लाभ अर्जित करेंगे। पुरानी देनदारी से परेशानी भी हो सकती है। विरोधियों का षड्यंत्र असफल होगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति पर अधिक खर्च करेंगे। स्त्री संतान का सहयोग मिलेगा। सुख के साधनों में वृद्धि करना आज आपकी प्राथमिकता रहेगी। सेहत में थोड़ा उतार चढ़ाव रहेगा फिर भी इसका दैनिक कार्यो पर असर नहीं पड़ेगा।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**-आज के दिन क्रोध अथवा अहम् की भावना बने बनाये कार्यो पर पानी फेर सकती है इसलिए ख़ास कर व्यावसायिक एव सामाजिक क्षेत्र पर विवेक पूर्ण व्यवहार रखे। कार्यो में प्रारंभिक विलम्ब या असफलता से घबराए नहीं प्रयास जारी रखें सफलता अवश्य मिलेगी। आज स्त्री पक्ष का सहयोग करें, काम के समय यही साथ देगी इस बात को ध्यान में रखकर चलें। दोपहर के बाद मेहनत का फल धन लाभ के रूप में मिल जाएगा। सन्तानों अथवा भाई बंधुओ से किसी भी प्रकार के सहयोग की उम्मीद सहयोगी सिद्ध होगी।

# ऋण माफी से मजबूत हुई किसानों की आर्थिक स्थिति

**विशेष लेख**
**चतुर्वेदी**



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने सरकार गठन के एक घंटे के भीतर प्रदेश के किसानों के ऋण माफी की घोषणा की। मुख्यमंत्री की घोषणा से ऐसे कृषक जो वर्षो से डिफाल्टर हो जाने के कारण ऋण नहीं ले पा रहे थे, उन्हें ऋण की पात्रता मिल गई। प्रदेश में सहकारी समितियों के माध्यम से 13 लाख 46 हजार 569 किसानों का 5261.43 करोड़ रूपए का ऋण माफ कर उन्हें आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने की दिशा में पहला कदम बढ़ाया।

मुख्यमंत्री की पहल पर सहकारिता के क्षेत्र में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड से इथेनॉल प्लांट की स्थापना, सम्पूर्ण देश में प्रथम उदाहरण है। इसके लिए सभी प्रक्रिया लॉक डाउन अवधि में सम्पादित की गई। प्रदेश के सहकारी शक्कर कारखाना कवर्धा में प्रथम इथेनॉल प्लांट की स्थापना पीपीपी मोड में करने के लिए इन्वेस्टर्स मीट आयोजित कर इच्छुक निवेशकों के पक्ष को चुना गया। इसके बाद आरएफक्यू, आरएफपी की प्रक्रिया पूर्ण कर निवेशक का चयन किया गया। चयनित निवेशक द्वारा 80 किलो लीटर प्रति दिन क्षमता (केएलपीडी) की क्षमता से कारखाना लगाया जा रहा है, जिससे कारखाने को प्रतिवर्ष 9.22 करोड़ रूपए लायसेंस फीस के रूप में प्राप्त होगा। चयनित संस्था और कारखाने के मध्य 29 दिसम्बर 2022 को अनुबंध निष्पादित किया गया। पीपीपी मॉडल इथेनॉल प्लांट की स्थापना देश में पहला उदाहरण है। इथेनॉल संयंत्र की स्थापना से क्षेत्र में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे और क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि का आधार मजबूत होगा।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व में राज्य बनने के बाद प्रदेश के चारों कारखानों से शक्कर के निर्यात के लिए प्रथम बार कार्रवाई की गई। चारों शक्कर कारखानों से 30.18 करोड़ रूपए की 14 हजार 302 मीट्रिक टन शक्कर का निर्यात भारत सरकार से प्राप्त निर्यात कोटे के अनुसार किया गया। इस निर्यात के फलस्वरूप भारत सरकार से राज्य को 10448 रूपए प्रति मीट्रिक टन की मान से 14.95 करोड़ रूपए की सब्सिडी स्वीकृत हुई।

मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में शुरू की गई किसान न्याय योजना से गन्ना किसानों को भी जोड़ा गया। प्रदेश के गन्ना किसानों के लिए न्याय योजना के अंतर्गत 93.75 रूपए प्रति क्विंटल की मान से 34,292 किसानों को 74.24 करोड़ रूपए भुगतान किया गया। इस प्रकार प्रदेश में गन्ना किसानों को गन्ना पेराई सीजन 2019-20 में 355 रूपए प्रति क्विंटल के मान से गन्ना का मूल्य प्राप्त हुआ। वर्ष 2020-21 में 79.50 रूपए प्रति क्विंटल की मान से 84.85 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया गया। राज्य गठन के समय कुल 1333 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां संचालित थी। राज्य में प्राथमिक सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को ऋण वितरण, खाद-बीज, दवाईयां आदि का वितरण किया जाता है। इन सोसायटियों का गठन 1971-72 के मध्य हुआ था। इनके गठन के समय राज्य की जनसंख्या एवं भौगोलिक स्थिति भिन्न थी। राज्य बनने के 20 वर्षो के बाद जनसंख्या में वृद्धि होने के साथ-साथ कृषि रकबे में वृद्धि होने से मांग एवं किसानों की सुलभता को देखते हुए सरकार ने इन समितियों के पुनर्गठन का निर्णय लिया। लॉक डाउन अवधि में जैसी विषम परिस्थितियों में 1333 समितियों का पुनर्गठन कर 725 नवीन समितियों का गठन, पंजीयन किया गया। नवगठित 725 प्राथमिक साख सहकारी समितियों के के माध्यम से किसानों को खाद, बीज एवं ऋण की उपलब्धता सुगमता से की जा रही है। वर्तमान में प्रदेश में 2058 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां संचालित हैं।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की सरकार द्वारा सहकारी अधिनियम का संशोधन एवं सरलीकरण किया गया है। सहकारी सदस्यों के हित में प्रावधान संशोधित किए गए हैं। सहकारी समितियों के पंजीयन के लिए न्यूनतम आवश्यक सदस्यों की संख्या 20 से घटाकर 10 की गई है। सहकारी समितियों के पंजीयन की अवधि 90 दिवस से घटाकर 45 दिवस किया गया है। सहकारी समितियों की उपविधियों में संशोधन की अवधि 60 दिवस से घटाकर 45 दिवस कर दिया गया है। न्यायालयीन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए संभागीय संयुक्त पंजीयकों को प्रथम अपील के अधिकार दिए गए हैं। अधिनियम संशोधन के पूर्व सम्पूर्ण राज्य के प्रथम अपील के प्रकरण पंजीयक द्वारा सुने जाते थे, जिससे दूरस्थ अंचल के संस्थाओं के जुड़े कृषक सदस्यों को कठिनाई होती थी। संशोधन से किसानों को उनके नजदीक सुलभ न्याय दिलाया जाना सुनिश्चित कराया गया है।

छत्तीसगढ़ में ग्रामीण अधोसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) योजनांतर्गत नवगठित 725 नवीन समितियों में आधारभूत संरचना प्रदाय किए जाने के उद्देश्य से गोदाम सह कार्यालय निर्माण की योजना तैयार की गई। इस योजना में प्रत्येक सोसायटी में 25.56 लाख रूपए की दर से 725 समितियों में 185.31 करोड़ रूपए की लागत से गोदाम सह कार्यालय का निर्माण किया जाएगा। सभी समितियों के लिए जमीन आबंटन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। टेण्डर आदि प्रक्रिया होने के बाद 514 समितियों में कार्यादेश जारी किया जा चुका है और 55 समितियों में कार्य प्रारंभ हो चुका है। माह मार्च 2023 तक सभी समितियों में गोदाम सह कार्यालय पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। गोदाम सह कार्यालय के निर्माण से नवगठित समितियों में सुचारू रूप से खाद, बीज, ऋण वितरण, धान खरीदी का कार्य सुगमता से किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा बस्तर और सरगुजा संभाग में दूरस्थ अंचल के ग्रामीणों पर सुलभ बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्देश दिए गए हैं। निर्देश के पालन में बस्तर और सरगुजा संभाग में कार्ययोजना बनाकर सहकारी बैंकिंग की सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। बस्तर संभाग में 7 स्थानों- नानगुर, बजावण्ड, दहीकोंगा, धनोरा, बडे राजपुर, जेपरा-हल्बा, अमोड़ा और सरगुजा संभाग में तीन स्थानों-लुण्ड्रा, देवनगर एवं पटना में नवीन शाखा खोले जाने की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। साथ ही बस्तर संभाग में प्रथम चरण में 6 स्थानों-बड़े किलेपाल, मर्दापाल, अमरावती, बड़े डोंगर, कोयलीबेड़ा एवं मद्देड़ में एटीएम और तीन स्थानों-नदीसागर, कुटरू एवं बेनूर में मोबाइल बेन लगाई जा रही है। इसी प्रकार सरगुजा संभाग के 5 स्थानों- राजापुर, गोविंदपुर, पोंड़ी, राजौली, केल्हारी में एटीएम लगाए जा रहे हैं।

# भूपेश सरकार ने आदिवासी हित में लिए हैं अनेक बड़े फैसले

**विशेष लेख**
**एल.डी. मानिकपुरी**

छत्तीसगढ़ ग्रामीण-आदिवासी बहुल राज्य है। यहां की लोक संस्कृति हो या सुदूर वनांचल बस्तर-सरगुजा की जीवनशैली या फिर यहां की प्राकृतिक खूबसूरती, बरबस ही सबके मन को मोह लेती है। भूपेश सरकार ने अपने शानदार पारी के 48 माह पूरे कर लिए हैं। वैसे जानने वाले कहते हैं कि श्री बघेल वादों के पक्के हैं, उनमें जुनून और जज्बा जबरदस्त है, जो कहते हैं, वे करते भी हैं। छत्तीसगढ़ के इतिहास में 17 दिसम्बर 2018 स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो चुका है। स्वर्ण अक्षरों में इसलिए क्योंकि राज्य बने बाइस बरस हो चुके हैं और पहली बार इस प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग से आने वाले किसान पुत्र श्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री की शपथ ली है।

शपथ ग्रहण के तत्काल बाद उनके मंत्रिमण्डल सहित पूरा काफिला नवा रायपुर स्थित प्रदेश के सबसे बड़े प्रशासनिक केन्द्र यानी महानदी भवन, मंत्रालय की ओर रूख किया था और यहीं से शुरू हुआ आदिवासी हितों के लिए मंथन, विमर्श। यहां सबसे पहले बस्तर जिले के लोहण्डीगुड़ा के किसानों की इस्पात संयंत्र के लिए अधिग्रहित की गई जमीन वापस करने का निर्णय लिया गया। सरकार बनाने के महज दो माह के भीतर 16 फरवरी 2019 को 1707 किसानों के 4200 एकड़ जमीन का दस्तावेज वापस किया गया। निर्णय और न्याय के दो रास्ते को चुनते हुए भूपेश सरकार ने 12 लाख से अधिक तेन्दूपत्ता संग्राहकों को सौगात देते हुए तेन्दूपत्ता संग्रहण दर पच्चीस सौ रूपए से बढ़ाकर चार हजार रूपए प्रति मानक बोरा किया। चालू वर्ष 2022 के दौरान करीब 16 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण किया गया है, जो लक्ष्य से 94 प्रतिशत से अधिक है, तो समर्थन मूल्य पर 7 से बढ़ाकर 65 वनोपजों की खरीदी भी शुरू की गई। वनोपज संग्रहण में करीब 48 हजार महिला स्व-सहायता समूह के सदस्य लाभान्वित हुए हैं। 121 उत्पादों का प्रसंस्करण कर 'छत्तीसगढ़ हर्बल ब्रांड' के नाम पर विक्रय शुरू किया गया है, साथ ही 30 संजीवनी केन्द्रों के माध्यम से करीब 200 उत्पादों का विपणन कार्य जारी है। वहीं लघु वनोपजों की संग्रहण दरों में भी वृद्धि की गई। 'शहीद महेंद्र कर्मा तेन्दूपत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना' के तहत 4,555 तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों को 68 लाख से अधिक की बीमा दावा राशि का भुगतान किया गया है। 'इंदिरा वन मितान योजना' के तहत 85 आदिवासी विकासखण्डों में दस हजार युवा समूहों का गठन किया गया है, इससे 19 लाख परिवारों को लाभ हो रहा है। वन अधिकार अधिनियम के तहत निरस्त वन अधिकार पट्टों की समीक्षा कर अब-तक साढ़े चार लाख व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, करीब 46 हजार सामुदायिक वन अधिकार पत्र और लगभग चार हजार सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र वितरित किए जा चुके हैं।

भूपेश सरकार ने आदिवासियों के विरूद्ध दर्ज प्रकरणों की वापसी करने का एक अहम निर्णय लिया। उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त माननीय न्यायाधीश श्री ए.के. पटनायक की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया है। भूपेश सरकार ने निर्णय और न्याय के साथ आदिवासी युवाओं को रोजगार मुहैया कराने की दिशा में भी अनेक कदम उठाए हैं। बस्तर और सरगुजा संभाग के लिए शिक्षकों की भर्ती अभियान, इन्हीं दोनों संभागों के लिए जिलास्तरीय एवं संभागस्तरीय तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों में स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता देने की पहल सराहनीय है। बस्तर संभाग के सभी जिलों में 'बस्तर फाइटर्स' विशेष बल के तहत स्थानीय युवाओं को नौकरी दी जा रही है।

## 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' की अवधारणा पर भूपेश सरकार के 48 माह पूरे

संवेदनशील मुख्यमंत्री की पहल से धुर नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के जगरगुंडा में विगत 13 वर्षो से बंद 300 स्कूलों को फिर से शुरू किया गया। यहां बच्चों की मुस्कान और अभिभावकों का उत्साह देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आम लोगों के बीच 'अस्पताल पहुंचाने' के लिए मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना वर्ष 2019 में गांधी जयंती के दिन शुरू की थी। सुदूर वनांचल, पहाड़, नदी, जंगल तथा दुर्गम गांवों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच आसान करना ही इस योजना का मुख्य ध्येय है। करीब 2 हजार हाट-बाजारों में अब-तक एक लाख से अधिक शिविर आयोजित किए जा चुके हैं तथा 63 लाख से अधिक लोगों का इलाज हुआ है। 'मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान' के तहत बस्तर संभाग में मलेरिया सकारात्मकता दर 4.60 प्रतिशत से घटकर 0.21 पर पहुंच गया है। बीते चार वर्षो में छत्तीसगढ़ में मलेरिया के मामले में 79 फीसदी की कमी आई है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने सबको भरपेट भोजन मिले इसके लिए सार्वभौम पीडीएस योजना शुरू की है, जिसके तहत करीब 21 लाख अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को इसका लाभ हुआ है। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान हो या मधुर गुड़ योजना, देवगड़ियों का विकास हो या मांझियों, चालकियों, कार्यकारिणी व साधारण मेम्बरीन, पुजारियों सहित अन्य सदस्यों के मानदेय बढ़ाने की बात हो या फिर विश्व आदिवासी दिवस पर सार्वजनिक अवकाश, श्री भूपेश बघेल का हर कदम आदिवासियों के हित में है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद पहली बार राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव जैसे आयोजन कर श्री बघेल ने आदिवासी लोककला, नोकनृत्य और लोक संस्कृति को केन्द्र में लाया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल मुख्यमंत्री श्री बघेल ने विगत चार सालों में 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' की अवधारणा को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। निश्चित ही इन योजनाओं से आदिवासियों का जीवनस्तर ऊंचा उठा है और भूपेश सरकार के प्रति आम लोगों का विश्वास भी बढ़ा है।

**सहायक सूचना अधिकारी, जनसम्पर्क**

# न्याय के चार साल: छत्तीसगढ़ में और बढ़ेगा बिजली का उत्पादन

**विशेष लेख**
**गोविंद पटेल**

छत्तीसगढ़ में ऊर्जा उत्पादन के इतिहास में एक मील का पत्थर और स्थापित हो गया जब मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 25 अगस्त को 1320 मेगावाट के नए पॉवर प्लांट लगाने का निर्णय लिया। वास्तव में यह छत्तीसगढ़ को बरसों बरस तक जीरो पॉवर कट स्टेट बनाए रखने की दिशा में ऐतिहासिक फैसला है। यह निर्णय इसलिये भी ऐतिहासिक है क्योंकि यह छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी का सबसे बड़ा और सबसे आधुनिक संयंत्र होगा। इसकी स्थापना से छत्तीसगढ़ स्टेट जनरेशन कंपनी के स्वयं की विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़कर 4300 मेगावाट हो जाएगी।



छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जिसे जीरो पॉवर कट के रूप में जाना जाता है। यहां उपभोक्ताओं को 24गा7 बिजली आपूर्ति हो रही है। किसी भी प्रदेश की तरक्की का सबसे बड़ा सूचक वहां के ऊर्जा की खपत को माना जाता है। छत्तीसगढ़ में ऊर्जा की खपत तेजी से बढ़ रही है। राज्य स्थापना के समय जहां प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत 300 यूनिट थी, वह आज बढ़कर 2044 यूनिट पहुंच चुकी है। भविष्य में ऊर्जा की मांग को देखते हुए राज्य सरकार ने बड़े और ऐतिहासिक फैसले लिये हैं।मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश के बाद पॉवर जनरेशन कंपनी के कोरबा पश्चिम में 660-660 मेगावाट के दो सुपर क्रिटिकल नवीन विद्युत उत्पादन संयंत्र लगाने की कार्ययोजना बनाने पर कार्य प्रारंभ हो गया है। इस संयंत्र के निर्माण में 12915 करोड़ रुपए का व्यय अनुमानित है। इन दोनों इकाइयों को वित्तीय वर्ष 2029 और 2030 में पूर्ण करने का लक्ष्य है। राज्य स्थापना के बाद पहली बार इतनी क्षमता का विद्युत संयंत्र स्थापित किया जा रहा है। यह मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की दूरदर्शिता को दर्शाता है। छत्तीसगढ़ की धरती में अकूत खनिज संसाधन हैं। कोयले के भंडार मामले में छत्तीसगढ़ देश में तीसरे नंबर पर है। इन प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग देशभर के पॉवर प्लांट में हो रहा है। परन्तु इसका लाभ इस धरती के निवासियों को नहीं मिल पाता है। अगर यहां के खनिज संसाधनों से संबंधित उद्योग यहीं स्थापित होते हैं तो यहीं के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलता है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की केबिनेट ने बिजली उत्पादन के क्षेत्र में दूसरा बड़ा फैसला पानी से बिजली बनाने के क्षेत्र में लिया है। केबिनेट में छत्तीसगढ़ राज्य जल विद्युत परियोजना (पंप स्टोरेज आधारित) स्थापना नीति 2022 को मंजूरी दी गई है। वर्तमान में जो जल विद्युत संयंत्र हैं, उनमें बांध में बारिश के पानी को एकत्रित किया जाता है और उसे टरबाइन में बहाकर बिजली पैदा की जाती है। इस पुराने तकनीक में पानी का इस्तेमाल केवल एकबार ही किया जाता है। वर्तमान में नई पंप स्टोरेज आधारित जल विद्युत परियोजना तैयार की गई है, जिसमें एक ही पानी का इस्तेमाल कई बार किया जा सकेगा। इस तकनीक में बांध के ऊपर एक और स्टोरेज टैंक बनाया जाता है। दिन के समय सौर ऊर्जा से मिली सस्ती बिजली से इस टैंक में पानी स्टोरेज किया जाएगा और रात में उसे टरबाइन में गिराकर बिजली पैदा की जाएगी। यह पानी फिर से बांध में एकत्रित कर लिया जाएगा। इस तरह एक ही पानी का बार-बार इस्तेमाल किया जा सकेगा। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी ने प्रदेश में ऐसे पांच स्थानों पर पंप स्टोरेज जल विद्युत गृह की स्थापना के लिए विस्तृत कार्ययोजना बना रही है। इन पांच स्थानों पर 7700 मेगावाट बिजली पैदा हो सकेगी। डीपीआर बनाने के लिए केंद्र सरकार की एजेंसी वैपकास (वाटर एंड पॉवर कंसल्टेंसी सर्विसेस लिमिटेड) के साथ 29 नवंबर को एमओयू किया गया है। राज्य में पम्प स्टोरेज आधारित जल विद्युत परियोजनाओं की स्थापना हेतु निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 6 सितम्बर को आयोजित केबिनेट की बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य जल विद्युत परियोजना (पंप स्टोरेज आधारित) स्थापना नीति 2022 का अनुमोदन किया गया।इन दोनों फैसलों से यहां के निवासियों के लिये रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। संयंत्र की स्थापना से लेकर उसके संचालन के लिये जहां हजारों लोगों को सीधा रोजगार मिलेगा। इस संयंत्र की स्थापना अत्याधुनिक तकनीक से की जाएगी, जिसमें बहुत कम प्रदूषण होगा। इससे भविष्य में ऊर्जा की बढ़ती मांग पूरी हो सकेगी। इस फैसले से प्रदेश में उद्योग से लेकर कृषि क्षेत्र में प्रगति के नए पंख लगेंगे और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तीव्र गति मिलेगी। यह फैसला आने वाले बरसों में छत्तीसगढ़ के लिये मील का पत्थर होगा।

## सेहत | चेहरे पर लगाती हैं नारियल का तेल तो हो जाए सावधान

चेहरे के दाग-धब्बे मिटाने के लिए महिलाएं कई तरह के नुस्खे इस्तेमाल करती हैं। जी हाँ और इसी लिस्ट में से एक है नारियल का तेल। नारियल का तेल लोग खाने में शामिल करते हैं क्योंकि इसमें पाए जाने वाले गुण और पोषक तत्व त्वचा के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। इसको चेहरे से लेकर शरीर तक पर लगाया जाता है। ऐसा कहा जाता है चेहरे पर नारियल तेल लगाने से स्किन की कई समस्याएं दूर होती हैं। नारियल के तेल में फैटी एसिड, एंटीबैक्टीरियल गुण, विटामिन-ई, प्रोटीन, आयरन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। आपको बता दें कि चेहरे पर नियमित नारियल तेल लगाने से त्वचा को कई फायदे होते हैं लेकिन ज्यादा नारियल तेल लगाना भी आपकी त्वचा पर कई समस्याएं खड़ी कर सकता है। आज हम आपको इसी के बारे में बताने जा रहे हैं।



नारियल तेल चेहरे पर लगाने के नुकसान- जी दरसल नारियल तेल में विटामिन-ई, फैटी एसिड और एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। इसका इस्तेमाल आप एक सीरम के तौर पर भी कर सकते हैं लेकिन कई लोगों के लिए यह नुकसानदायक भी हो सकता है। इससे उनकी त्वचा में एलर्जी और कई स्किन प्रॉब्लम्स हो सकती हैं।स्किन पर हो सकते हैं मुहांसे- ज्यादा नारियल तेल चेहरे पर लगाने से त्वचा पर पिंपल्स की समस्या बड़ सकती है। जी हाँ और इसके अलावा चेहरे पर ऑयल और गंदगी जमा होने लगती है। इसकी वजह से आपके चेहरे पर मुंहासे और पिंपल्स की समस्या बढ़ सकती है।

स्किन हो सकती है ऑयली- चेहरे पर ज्यादा इस तेल को लगाने से स्किन पर ऑयल भी बढ़ने लगता है जिसके कारण चेहरे पर धूल-मिट्टी जमा होने लगती है। जी हाँ और लंबे समय तक चेहरे पर नारियल तेल लगाने से स्किन भी ऑयली होने लगती है। बढ़ सकते हैं चेहरे पर बाल- चेहरे पर ज्यादा नारियल तेल लगाने से बाल भी बढ़ सकते हैं। नारियल तेल से उगने वाले बाल हल्के नहीं बल्कि मोटे होते हैं, इस वजह से अगर आपके चेहरे पर बाल बढ़ रहे हैं तो नारियल तेल का इस्तेमाल न करें।चेहरे पर हो सकती है एलर्जी- ज्यादा नारियल तेल लगाने से भी स्किन पर एलर्जी हो सकती है। जी हाँ और नारियल तेल की तासीर गर्म होती है और गर्मी के मौसम में स्किन पर नारियल तेल ज्यादा इस्तेमाल करने से स्किन खराब भी होने लगती है।

# सकारात्मक बदलाव की गवाही दे रहे अंदरूनी क्षेत्रों में बने भवन

## ठोस रणनीति और मजबूत इरादे के साथ शासकीय योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में सफलता अर्जित

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बीजापुर 17 दिसंबर।** सरकार के 4 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज के दिन यानी 17 दिसंबर को छत्तीसगढ़ गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। ऐसा होना भी चाहिए, चूंकि जिला बीजापुर माओवाद से प्रभावित जिला होने के बावजूद विकास के नए मापदंड तय कर रहा है। विगत 4 साल में जिला प्रशासन ने सरकार की मंशानुरूप अंदरूनी क्षेत्रों में ग्रामीणों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ठोस रणनीति और मजबूत इरादे के साथ शासकीय योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में सफलता अर्जित की है। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है, चूंकि जिन क्षेत्रों में कभी नक्सली आंतक के कारण शासकीय योजनाओं का संचालन नहीं हो पा रहा था। उन नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में वर्तमान में नवनिर्मित सुंदर, सुसज्जित आंगनबाड़ी भवन, उचित मूल्य की दुकान और पंचायत भवन बुलंदी से खड़े होकर जिले की परिस्थितियों में आये साकारात्मक बदलाव की गवाही दे रहे हैं। पंचायत विभाग की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के साथ 15वाँ वित्त आयोग, और अन्य विभागीय मद जैसे महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला खनिज न्यास निधि की राशि के तालमेल ने क्षेत्र में बदलाव की नींव रखी है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रवि साहू ने बताया कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में जिले के माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामीणों की मूलभूत आवश्यकताओं एवं मांग अनुसार प्राथमिकता से आंगनबाड़ी भवन, उचित मूल्य की दुकान, पंचायत भवन स्वीकृत कर पूर्ण किये गए हैं। पंचायत विभाग के कर्मचारी कठिनतम परिस्थितियों में दुर्गम क्षेत्रों में निर्माण सामग्री पहुंचाकर निर्माण कार्य को पूर्ण कराने में महती भूमिका निभा रहे हैं।

जिले में विगत 4 सालों में कुल 70 नवीन आंगनबाड़ी भवन, 25 उचित मूल्य की दुकान और 7 पंचायत भवन बनकर तैयार हैं। जिनकी कुल लागत राषि 7 करोड 80 लाख रूपये है। मरमेटा, सण्ड्रा, एडापल्ली, कडेर, तर्रेम, लिंगागिरी, चिपुरभट्टी, मल्लेपल्ली, जैगुर जैसी ग्राम पंचायतों में जहां पहले ग्रामीणों को सोसायटी से चांवल लाने के लिए कई किलोमीटर की पदयात्रा करनी पड़ती थी उन क्षेत्रों में उचित मूल्य की दुकान का संचालन हो रहा है, वहीं आंगनबाड़ियों में पौष्टिक आहार व अक्षर ज्ञान प्राप्त कर हृष्ट-पुष्ट व स्वस्थ्य नव-निहालों की एक नई पौध तैयार होगी। वहीं पंचायत भवन बन जाने से पंचायतों के कार्य के सुचारू संचालन व शासकीय योजनओं के क्रियान्वयन में सहुलियत हो रही है।

तकनीकी सहायक तोरन लाल उर्वशी ने बताया कि पहले इन क्षेत्रों में कार्य कराया जाना कठिन था किंतु अब ग्रामीण अब जागरूक होकर स्वयं विकास कार्यों की मांग कर रहे हैं, ताकि मूलभूत आवश्यकताओं के साथ जीवन स्तर ऊंचा हो सके।

ग्राम पंचायत तोड़का के सचिव राजेश पुजारी ने बताया कि अंदरूनी क्षेत्रों जैसे तोड़का, कडेर, कैका, पदमूर में निर्माण सामग्री पहुँचाकर कार्य प्रारंभ करवाना कठिन था, इन दुर्गम क्षेत्र में कार्य कराये जा रहे हैं। ग्रामीण निर्माण होते कार्यों को देखकर प्रसन्न है।

इन भवनों की स्वीकृति राशि प्रतिनग आंगनबाड़ी भवन की कुल स्वीकृत राशि 8 लाख 40 हजार रूपये एवं उचित मूल्य की दुकान की कुल स्वीकृत राशि 12 लाख 50 हजार रूपये एवं पंचायत भवन की कुल स्वीकृत राषि 19 लाख 13 हजार रूपये हैं।

## एक नजर

### फरार आरोपी गिरफ्तार



**बीजापुर 17 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कोबरा 210 एवं थाना बासागुड़ा की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर रघुनाथ पाकेला की ओर निकली थी। अभियान के दौरान रघुनाथ पाकेला के जंगल से पुलिस पार्टी को देखकर भागने का प्रयास करते हुये 02 संदिग्धों को पकड़ा गया। पकड़े गये संदिग्धों से पुछताछ पर अपना नाम- 1. नागेश कड़ती पिता मल्ला कड़ती उम्र 24 वर्ष जाति दोरला साकिन पोलमपल्ली थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर 2. रामा मिडियम पिता सन्नू मिडियम उम्र 21 वर्ष जाति मुरिया निवासी कोर्जेड पुजारी पारा थाना बासागुड़ा जिला बीजापुर बताये। पकड़े गये दोनो संदिग्ध थाना बासागुड़ा के अपराध क्रमांक 11/2022 धारा 4,5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के नामजद आरोपी है। पकड़े गये माओवादियों के विरुद्ध थाना बासागुड़ा में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है।

### छत्तीसगढ़ गौरव दिवस पर जनसंपर्क विभाग का स्लोगन, फोटोग्राफी एवं रील प्रतियोगिता

**बीजापुर 17 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 दिसंबर 2022 को 卐छत्तीसगढ़ गौरव दिवस卐 मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जनसंपर्क विभाग द्वारा इस अवसर पर卐 स्लोगन प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता एवं रील प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्तियों को पर 16 दिसंबर से 5 जनवरी तक अपनी प्रविष्टियां भेजनी होंगी। प्रतियोगिता के लिए विभाग द्वारा तय किए गए विषय हैं - पर्यटन, प्रकृति, आर्किटेक्चर, जन-सुविधाएं, स्वच्छता, शिक्षा, त्यौहार-परम्पराएं, विकास कार्य और शासकीय योजनायें।

### 21 दिसम्बर को होगी सामान्य सभा की बैठक

**बीजापुर 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत बीजापुर की सामान्य सभा की बैठक 21 दिसम्बर 2022 को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आहूत की गयी है। बैठक में वन, स्वास्थ्य, आदिवासी विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ईत्यादि विभागों के कार्यों की समीक्षा की जावेगी। उक्त बैठक में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जिला पंचायत सदस्यों एवं मानद सदस्य सर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष को इस बैठक में उपस्थित होने को आग्रह किया गया है।

### सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध

**बीजापुर 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक आईटम के विनिर्माण, आयात, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध किया गया है। जिसके अंतर्गत प्लास्टिक युक्त ईयर बड्स, गुब्बारों के लिए प्लास्टिक की डंडिया, पोलीस्टाइरीन (थर्मोकाल) की सजावटी सामग्री। प्लेटें, कप गिलास, कांटे, चम्मच, चाकू, स्ट्रॉ, ट्रे जैसे कटलरी, मिठाई के डिब्बों के ईर्द-गिर्द लपेटने या पैक करने वाली फिल्में, निमंत्रण कार्ड और सिगरेट पैकेट 100 माइक्रॉन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक या पीवीसी बैनर, स्ट्रिर शामिल है।

### आपदा पीड़ितों को 24 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**जगदलपुर, 17 दिसंबर।** कलेक्टर श्री चंदन कुमार द्वारा प्राकृतिक आपदा-दुर्घटनाओं से पीड़ित 06 परिवारों को 24 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी है। इसमें तहसील बस्तर ग्राम बोदरा निवासी मंगतू पटेल की मृत्यु सर्पदंश से पत्नि श्रीमती फलोबाई पटेल को, ग्राम बस्तर निवासी शिवनाथ की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नि श्रीमती चैती को, ग्राम सालेमेटा-2 के निवासी मोसूराम की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नि श्रीमती हिरामनी को, ग्राम बेसरापाल निवासी लोदे की मृत्यु पानी में डूबने से पिता श्री सुखानंद को, तहसील बकावंड ग्राम कौडावण्ड निवासी अन्तुराम कश्यप की मृत्यु पानी में डूबने से पत्नि श्रीमती सुकरी कश्यप को और तहसील तोकापाल ग्राम नैननार निवासी मेहतरीन की मृत्यु पानी में डूबने से पति श्री सोनाधर को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई।

### बादल अकादमी में चरू जतरा का आयोजन

**जगदलपुर, 17 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर एकेडमी ऑफ डांस आर्ट एण्ड लिटरेचर (बादल) आसना में शनिवार 17 दिसम्बर को गौरव दिवस के अवसर पर चरू जतरा (बादल मंडई) का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी, व बादल संस्था से जुड़े जनजातीय समाज के पदाधिकारी और सलाहकार सदस्यों सहित बादल प्रबंधन की भागीदारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि बस्तर एकेडमी ऑफ डांस आर्ट एण्ड लिटरेचर (बादल) की स्थापना लोक संस्कृति संरक्षण एवं नई पीढ़ी को शुद्ध रूप से हस्तांतरण के उद्देश्य से की गई है।

# भूपेश सरकार के 4 साल, भ्रष्टाचार में किया कमाल: शिवरतन शर्मा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 17 दिसंबर।** भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा प्रदेश भाजपा संगठन दंतेवाड़ा ने प्रेस वार्ता आयोजित कर भूपेश सरकार के 4 वर्षों के कार्यकाल को भय, हताशा, निराशा, भृष्ट और विफल सरकार करार दिया। भाजपा नेताओं ने भूपेश सरकार की जमकर आलोचना की। मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित कर कांग्रेस सरकार के कुशाशन और भ्रस्टाचार को उजागर किया 7 श्री शर्मा ने कहा की भूपेश सरकार ने चार वर्ष में भ्रस्टाचार और कुशाशन के नये कीर्तिमान स्थापित किये है जिन अधिकारियो पर केंद्रीय एजेंसी भ्रस्टाचार के मामले में कार्यवाही कर रही है उन्हें प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल निलंबित करने के बजाय संरक्षण देते है जिससे समूचे छत्तीसगढ़ को शर्मसार करने का कृत्य भूपेश बघेल सरकार ने किया है 7 पिछले चार वर्षो में जब से कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ में आयी है कानून और व्यवस्था की स्थिति बदहाल है पिछले चार वर्षो में दुष्कर्म,नाबालिगो के साथ दुष्कर्म, अपहरण जैसे 6000 से अधीक मामले प्रदेश में सामने आये है 7 प्रदेश में ठगी का स्टार्टअप चल रहा है नशाखोरी, शराब तस्करी, सट्टा के मामले प्रदेश में उफान पर है 7 पिछले 3 वर्षो में 25 हजार से अधिक आदिवासी बच्चो की छत्तीसगढ़ में अकाल मृत्यु हुई है कोरोनाकाल के दौरान वैक्सीन बांटने के बजाय शराबबंदी का वायदा करने वाली कांग्रेस सरकार ने ऑनलाइन शराब बेचकर घर घर शराब परोसने का कार्य किया है 7 छत्तीसगढ़ में पिछले चार वर्षो में माफिया राज को इंकार नहीं किया जा सकता कोल् माफिया, ट्रांसपोर्ट माफिया, रेत माफिया, शराब माफिया, ज़मीन माफिया के मामले चरम पर है जिस पर अंकुश लगाने में प्रदेश की भूपेश सरकार पूरी तरह से विफल रही है 7 भूपेश सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले आवास से 16 लाख गरीबो को वांछित रखने का कार्य किया एवं 24 लाख से अधीक गरीबों को मोदी जी के नल जल योजना से दूर रखा 7 प्रदेश में जबरन धर्मांतरण का खेल राजनीतिक संरक्षण में जारी है 7 भूपेश सरकार ने प्रदेश में आदिवासियों का आरक्षण 12त्न कम करवा दिया जिसने अदालत में मुकदमा किया उसे आयोग का अध्यक्ष बनाकर पुरस्कृत करने का कार्य भूपेश सरकार ने किया इससे पहले भी ओबीसी आरक्षण पर मुकदमा करने वाले को भी राज्यमंत्री का दर्जा देकर पुरस्कृतभूपेश सरकार द्वारा किया गया और साथ ही प्रथम बार आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाने का अवसर आया तो इसके विरुद्ध वोट डालने का कार्य कांग्रेस के छत्तीसगढ़ के विधायक एवं सांसदों ने किया।

## समाचार संक्षेप

### एनएमडीसी ने जीता आईईआई उद्योग उत्कृष्टता पुरस्कार

**हैदराबाद, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय खनिक एनएमडीसी ने आज चेन्नई में प्रतिष्ठित आईईआई (इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स, इंडिया) इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवार्ड 2022 जीता। देश में लौह अयस्क के सबसे बड़े उत्पादक को 37 वीं भारतीय इंजीनियरिंग कांग्रेस में इसके उत्कृष्ट प्रदर्शन और उच्च स्तर की व्यावसायिक उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। एनएमडीसी की ओर से श्री एन आर के प्रसाद , मुख्य महाप्रबंधक (औद्योगिक इंजीनियरी एवं प्रबंध सेवाएं) ने तमिलनाडु सरकार के माननीय उच्च शिक्षा मंत्री डॉ के. पोनमुडी से पुरस्कार प्राप्त किया। इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) किसी कंपनी के व्यवसाय संचालन, वित्तीय प्रदर्शन, पर्यावरण प्रदर्शन, अनुसंधान और विकास, सीएसआर और कॉर्पोरेट अभिशासन नीतियों की समीक्षा करने के बाद उद्योग उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान करता है। एनएमडीसी अपने घरेलू नेतृत्व को बनाए रखने और वैश्विक खनन कंपनी बनने की दिशा में आगे बढने के लिए पर्यावरण हितैषी, आर्थिक और कुशल दृष्टिकोण के साथ परिवर्तनकारी परियोजनाएं प्रारम्भ कर रहा है। इस अवसर पर श्री सुमित देब अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएमडीसी ने कहा कि अपनी स्थापना के समय से ही एनएमडीसी राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण आर्थिक योगदान करने के अपने विजन में दृढ़तापूर्वक कार्य कर रहा है। कंपनी ने प्रत्येक तिमाही में अपने ही प्रदर्शन को बेहतर बनाने और अभिनव व्यावसायिक रणनीतियां बनाने के लिए समर्पित प्रयास किए हैं। मैं टीम को उनकी प्रतिबद्धता और निष्ठा के लिए बधाई देता हूं जो इस पुरस्कार की वास्तव में सुपात्र है ।




### कौशल प्रशिक्षण से जिले के 305 युवाओं को रोजगार पाने में मिली सफलता

**उत्तर बस्तर कांकेर 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन में जिले के युवाओं को सक्षम बनाने उन्हें रोजगार एवं स्व-रोजगार जोड़ने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेश प्रयास किया जा रहा है। युवाओं को रोजगार एवं स्व-रोजगार से जोड़ने के लिए रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई। जिले में उपलब्ध संसाधनों एवं रोजगार की संभावनाओं को दृश्टिगत रखते हुए सभी विकासखण्डों सें चयनित युवाओं को विभिन्न कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाकर उन्हें निजी कंपनियों में नौकरी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा प्रशिक्षण प्राप्त युवा स्व-रोजगार स्थापना भी कर सकते हैं। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के विशेश प्रयास से जिले में अब तक 305 युवाओं को रोजगार से जोड़ कर उनके भविष्य को संवारा जा चुका है तथा जिले के बेरोजगार युवकों के भविष्य को बेहतर बनाने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कांकेर जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत है।

### सशस्त्र सेना झण्डा और विजय दिवस मनाया गया

**उत्तर बस्तर कांकेर 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला की अध्यक्षता में आज सशस्त्र सेना झण्डा दिवस और विजय दिवस मनाया गया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ले. कर्नल उदय कुमार टी. (सेवानिवृत्त), अपर कलेक्टर एस. अहिरवार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल तथा भूतपूर्व सैनिकों एवं सैनिकों के विधवा सहित जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, एनसीसी कैडेट की उपस्थिति में ध्वज प्रतीक लगाकर सशस्त्र झण्डा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा शहीद गणेश राम की माता राजेश्वरी बाई एवं सूबेदार मेजर हरिराम तारम की पत्नी श्रीमती कुंती तारम का शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भूतपूर्व सैनिकों के बेरोजगार बच्चों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए विशेष कैंप लगाया जायेगा तथा उन्हें कौशल उन्नयन के प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार तथा स्व-रोजगार उपलब्ध कराये जायेंगे। भूतपूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जो भी समस्या हो उन्हें बतायें, जिला प्रशासन द्वारा उनका नियमानुसार निराकरण करने का प्रयास किया जायेगा। भूतपूर्व सैनिकों एवं उनकी विधवाओं एवं बच्चों के लिए समामेलित विशेष निधि में राशि जमा कर योगदान देने वाले जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, खाद्य अधिकारी, खनिज अधिकारी, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा बधाई दिया गया।




### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 21 को

**उत्तर बस्तर कांकेर 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कांकेर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 21 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी बी.आर. ठाकुर ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 198 रिक्तियां के आधार पर भर्ती किया जायेगा, जिसके लिए सिक्युरिटी गार्ड के 150 पद, सिक्युरिटी सुपरवाइजर के 05 पद, असिस्टेंट सुपरवाइजर के 05, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 05, कारपेंटर के 15, वाहन चालक के 02, वर्कर के 05 कुक के 01 तथा मार्केटिंग के 10 रिक्त पदों पर भर्ती किया जायेगा।

### शहीद वीर नारायण की स्मृति में लोक कला महोत्सव का आयोजन



**जगदलपुर, 17 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति में जगदलपुर के लालबाग में शुक्रवार को जिला एवं संभागस्तरीय आदिवासी लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संभाग के सभी आश्रम छात्रावास में शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति में 10 से 14 दिसंबर के मध्य निबंध, वाद-विवाद, चित्रकला भी आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री लखेश्वर बघेल ने कहा कि अमर बलिदानी वीर नारायण सिंह की स्मृति में आयोजित इस प्रतियोगिता में संभाग भर से प्रतिभागी पहुंचे हैं। इन प्रतिभागियों के द्वारा आदिवासी संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया जा रहा है। नर्तक दल अच्छा कला का प्रदर्शन करते हुए जिला और संभाग का नाम रोशन करें। पहला पुरूस्कार सुकमा जिला द्वारा प्रदर्शित ध्रुवा मंडाई नृत्य, द्वितीय पुरस्कार नेगानार के लोक नर्तकों द्वारा प्रस्तुत लेजा परब और तीसरा पुरस्कार कोंड़ागांव जिला द्वारा प्रस्तुत मांदरी नृत्य को प्रदाय किया गया।

# पुलिस-नक्सली मुठभेड़ की दण्डाधिकारी जांच

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 17 दिसम्बर।** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पोमरा, हल्लूर थाना मिरतुर के जंगला में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन अन्तर्गत भैरमगढ़ एरिया कमेटी डीव्हीसीएम मोहन कड़ती, डीव्हीसीएम सुमित्रा, माटवाड़ा, एलओएस कमाण्डर रमेश एवं अन्य 50-60 सशस्त्र माओवादियों के द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने व पुलिस बल को नुकसान पहुंचाने की आसूचना पर पुलिस अधीक्षक बीजापुर के निर्देशानुसार ब्रीफिंग पश्चात 25 नवम्बर 2022 को डीआरजी बीजापुर से कुल 94 नफर का बल ग्राम हकवा, पोमरा की ओर तथा एसटीएफ से कुल 55 नफर बल, डीआरजी टीम नंबर व वारंगटे-02 से हमराह 42 नफर कुल 97 नफर बल ग्राम तुर्रेनार की ओर एवं सीआरपीएफ 222वीं वाहिनी के 200 नफर बल कारीडोर प्रोटेक्टशन हेतु ग्राम पोटेनार की ओर तथा सीआरपीएफ 499वीं वाहीनी के 450 नफर बल कारीडोर प्रोटेक्शन हेतु ग्राम फुलादी की ओर अलग-अलग टीम बना कर रवाना हुये थे। 25 नवम्बर 2022 को 22:45 बजे डीआरजी बीजापुर के मुताबिक आप्स प्लॉन के रवाना होकर ग्राम कमकानार, हकवा को सर्च करते हुये, ग्राम पोमरा के जंगल पहाड़ के पास पहुंचे थे कि पुलिस टीम द्वारा दो भागों में बाटकर पार्टी नंबर 01 बायें से एवं पार्टी नंबर 02 दाहिने से ग्राम पोमरा के पहाड़ी को सर्च करते हुये आगे बढ़ रहे थे कि घटना 26 नवम्बर 2022 के प्रातः 07:40 बजे घटना स्थल लगभग 45 किलोमीटर उत्तर पूर्व ग्राम पोमरा के जंगल पहाड़ थाना मिरतूर के पास पार्टीनंबर 01 पर पूर्व से एम्बुस व घात लगाकर बैठे लगभग 50-60 की संख्या में सशस्त्र पुरूष एवं महिला वर्दीधारी एवं सादे वेशभूषा में माओवादियों ने पुलिस पार्टी नंबर 01 पर जान से मारने व हथियार लुटने की नीयत से अंधाधुंध फायरिंग करने लगे पुलिस पार्टी नंबर 01 के जवानों के द्वारा फायरिंग बंदकरने व आत्मसर्मपण करने हेतु जोर-जोर से आवाज दिया गया किन्तु पुलिस पार्टी की बातों को अनसुना करते हुये माओवादियों द्वारा पुलिस पार्टी पर लगातार फायरिंग करते रहे, तब पुलिस टीम द्वारा तत्कालमौके का आड़ लेते हुये जवाबी फायरिंग किया गया, तथा टीम नंबर 02 के कमाण्डर व उनके टीम को कारगर जवाबी फायरिंग की कार्यवाही करने हेतु आदेश दिया गया, पुलिस पार्टी के जवाबी फायरिंग कार्यवाही एवं बढ़ते दबाव को देखकर जंगल की आड़ लेकर जंगल की ओर भाग गये। पुलिस पार्टी एवं माओवादियों के बीच फायरिंग लगभग 25-30 मिनट तक चली।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर संपन्न

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 17 दिसंबर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम पनारापारा में स्वामि आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल द्वारा आयोजित किया गया । शिविर के पहले दिन प्राचार्य पी0आर0शर्मा, बी0के0शर्मा, श्रीमती ए. खान एवं वार्ड प्रमुख जयसिंग राना, सुकरू कुड़ियम ने ध्वजा रोहण कर शिविर का शुभारंभ किया । नगरपालिका के पार्षद नंदकिशोर राना के मार्गदर्शन में शिविर का आयोजन किया गया । शिविर के दौरान यातायात नियमों, स्वस्थ रहने का मूलमंत्र एवं कृषि कार्य कि जानकारीयाँ विभागों द्वारा दिया गया तथा ग्राम परिसर और स्कूल की साफ-सफाई की गई। शिविर के दौरान डॉ.डी.एल. पटेल कार्यक्रम अधिकारी ने निरिक्षण के द्वौरान स्वंय सेवकों को सोशल मिडिया का उपयोग करने और कार्यक्रम के शिविर की गतिविधियों की फोटोग्राफी को ट्विटर में ट्वीट करे जो सीधे भारत सरकार तक आपकी जानकारी पहुँचाती हैं, ऐसा मार्गदर्शन दिया गया। सात दिवसीय शिविर के समापन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, शिविर का प्रतिवेदन, एवं बच्चों को पुरष्कार वितरण कर प्राचार्य द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। तत्पश्चात ध्वज उतारकर शिविर का समापन किया गया।

## प्रदेश भर में गौरव दिवस की धूम

# भूपेश सरकार ने 4 वर्षों में किया चहुंमुखी विकास, अपना वायदा किया पूरा: अवधेश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 17 दिसंबर।** प्रदेश सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज भुपेश सरकार प्रदेश भर में चार साल-बेमिसाल कहकर इसे गौरव दिवस के रूप में मना रही है। इसी तारतम्य में दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से राजीव भवन में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह गौतम एवं जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। दंतेवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अवधेश सिंह गौतम ने कहा कि आज भुपेश सरकार के कार्यकाल के 4 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है। इन चार वर्षों में प्रदेश में विकास की रफतार बढ़ी है। जनता में खुशहाली व समृद्धि आई है। चाहे किसान हो, व्यापारी हो या कर्मचारी हर वर्ग सरकार के विकासोन्मुखी कार्यक्रम से प्रफुल्लित हैं। श्री गौतम ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते कहा कि सत्ता में आने से पूर्व भुपेश सरकार ने जनता से जो वायदा किया था, जो हमने कहा था उसे पूरा किया है। इसलिए हम आज प्रदेश के सभी जिलों में गौरव दिवस के रूप में मना रहे हैं। गौरव इसलिए कि छत्तीसगढ़ सरकार ने छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान का अलख जगाया है। पहले इसी प्रदेश में किसान, व्यापारियों की आर्थिक हालात ठीक नहीं थे। प्रदेश सरकार ने इनकी चिंता की। किसानों की समृद्धि के लिए भुपेश सरकार ने समृद्ध खेती-खुशहाल किसान को दृष्टिगत रखते हुए राजीव गांधी किसान न्याय योजना लाया। किसानों, पशुपालकों और खेतिहर मजदूरों को आर्थिक संबल प्रदान किया। न केवल कृषि ऋण माफ किया बल्कि किसानों के हाथों में सीधे पैसा भी दिया ताकि वो अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सके। प्रदेश की आम जनता से भुपेश जनता ने वादा किया था कि सरकार में आते ही बिजली बिल हाफ किया जाएगा आज बिजली बिल हाफ का फायदा प्रदेश की सभी जनता को मिल रहा है। वन विकास पट्टा भी जरूरतमंदों को दिया गया। पहले की सरकार के समय छोटे भूखण्डों की रजिस्ट्री नहीं होती थी भूमि मालिक 5 डिसमिल या उससे कम भूमि को बेच नहीं सकता था लेकिन अब ऐसा नहीं है कोई भी व्यक्ति 5 डिसमिल से कम भूमि भी अब बेच सकता है तथा अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा कर सकता है।

## एक नजर

### राजनीति विज्ञान में पूर्णिमा को पीएचडी की उपाधि

**महासमुंद, 17 दिसंबर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से पीएचडी अधिसूचना जारी हुई हैं। अधिसूचना में डॉ. मालती तिवारी सहायक प्राध्यापक एवं शोध निर्देशक राजनीति विज्ञान शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के निर्देशन में पूर्णिमा भट्टाचार्य जगदलपुर जिला बस्तर को राजनीति विज्ञान बस्तर जिले की जनजातियों में विकास योजनाओं का प्रभाव एक अनुशीलन (महिला एवं बाल विकास के संदर्भ में सन् 2013 से अद्यतन) विषय पर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर से पीएचडी उपाधि प्राप्त किया। पूर्णिमा ने अपना शोध कार्य दुर्गा महाविद्यालय रायपुर से की है। शोध सह निर्देशक डॉ. सुभाष चंद्राकर दुर्गा महाविद्यालय रायपुर थे। पीएचडी की उपाधि मिलने पर डॉ. अजय चंद्राकर, प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल, डॉ. अमन झा, डॉ. करुणा दुबे, डॉ. रीता पांडेय, डॉ. नीलम अग्रवाल, सी खलको, अजय कुमार राजा, राजेश्वरी सोनी, सीमारानी प्रधान, डॉ. दुर्गावती भारतीय, सरस्वती सेठ, दिलीप बढ़ाई, अजय देवांगन, मनबोध चौहान, मनीषा बेहेरा, अर्चना भट्टाचार्य, जोगेश भट्टाचार्य, लक्ष्मी भट्टाचार्य, करुणा देवांगन ने हर्ष जताया है।

### परसदा में गुरु घासीदास जयंती 18 को

**राजिम, 17 दिसंबर।** समीपस्थ ग्राम परसदा में गुरु घासीदास जयंती का आयोजन 18 दिसंबर रविवार को रखा गया है विष्णु महिलांग, संतराम बारले व वीरेंद्र खुटियारे ने बताया कि इस अवसर पर आज शनिवार को भव्य शोभायात्रा निकाली जावेगी।साथ साथ जय सतनाम अखाड़ा पार्टी रीको मंदिर हसौद वाले का कार्यक्रम होगा।18 दिसंबर को दीप प्रज्वलित, पालो, चौका आरती कार्यक्रम का आयोजन 12ः00 बजे होगा। महिला पंथी पार्टी भिलाई (दुर्ग) द्वारा पंथी नृत्य प्रस्तुत किया जावेगा। वही रात्रि में कचरा के फूल छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी हरिन छपरा जिला कवर्धा कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रकला ध्रुव जिला पंचायत सदस्य रायपुर,विशिष्ट अतिथि प्रेमीन साहू जनपद पंचायत सदस्य अभनपुर, महेश्वरी तिलक साहू सरपंच ग्राम पंचायत परसदा, मालती ध्रुव पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत परसदा होंगे।

### समर्थन मूल्य पर कोदो, कुटकी एवं रागी की हो रही खरीदी



**रायगढ़, 17 दिसम्बर।** छ.ग.शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर कोदो, कुटकी एवं रागी क्रय प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के वनधन योजना के तहत ग्राम/हॉट बाजार स्तर के महिला स्व-सहायता समूहों के द्वारा क्रय किया जा रहा है। शासन द्वारा खरीदी की तिथि 15 दिसम्बर 2022 से 15 फरवरी 2023 तक नियत की गई है। जिला यूनियन रायगढ़ को छ.ग.राज्य लघुवनोपज संघ रायपुर द्वारा 200 क्विंटल कोदो एवं रागी का 100 क्विंटल एवं जिला यूनियन धरमजयगढ़ को 100 क्विंटल कोदो एवं 1000 क्विंटल रागी खरीदी का लक्ष्य प्रदाय किया गया है। जिसमें कोदो का संग्रहण दर 30 रु. प्रति क्विं. एवं रागी 35.78 रु. प्रति क्विं.निर्धारित किया गया है। प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला यूनियन रायगढ़/धरमजयगढ़ अन्तर्गत स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा संग्रहण की आवश्यक तैयारी प्रारंभ की गई है। 15 दिसम्बर 2022 को जिला यूनियन धरमजयगढ़ के अन्तर्गत परिक्षेत्र छाल में रागी 4.36 क्विंटल, संग्राहक संख्या 03, परिक्षेत्र धरमजयगढ़ में कोदो 01 क्विंटल संग्राहक संख्या 01 एवं रागी 3.23 क्विंटल संग्राहक संख्या 05, परिक्षेत्र बाकारुमा में रागी 0.83 क्विंटल संग्राहक संख्या 01 एवं परिक्षेत्र लैलूंगा में 17.98 क्विंटल संग्राहक 04 तथा जिला यूनियन रायगढ़ अन्तर्गत परिक्षेत्र तमनार में कोदो 2 क्विं., संग्राहक संख्या 01, रागी 1.95 क्विं., संग्राहक संख्या 01 एवं परिक्षेत्र रायगढ़ में रागी 4.00 क्विं., संग्राहक 03 के माध्यम से संग्रहण किया गया। जिसमें जिला यूनियन के प्रबंध संचालक, उप प्रबंध संचालक,प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के प्रबंधक, पोषक अधिकारी एवं महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्य प्रशिक्षण में उपस्थित रहे । उत्पादक कृषकों द्वारा प्रथम दिवस में कोदो एवं रागी का विक्रय कर शुभारंभ किया गया ।

### मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की हुई बैठक

**रायगढ़, 17 दिसम्बर।** अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में आज विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के संबंध में जिले के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित हुई। अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने बैठक में उपस्थित सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को बताया कि जिले में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के दौरान 9 नवम्बर 2022 से 8 दिसम्बर 2022 तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु 36042 फार्म-6, मतदाता सूची से नाम विलोपन करने के लिए 22125 फार्म-7 तथा मतदाता सूची में संशोधन के लिए 6627 फार्म-8 प्राप्त हुए है। आयोग के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 26 दिसम्बर 2022 तक निराकरण किया जाना है। पुनरीक्षण के दौरान प्राप्त समस्त प्राप्त फार्म 6, 7 एवं 8 का निराकरण विधानसभावार शीघ्रता से किया जा रहा है।

---

मेरीन ड्राईव बनने की लोगों को लंबे समय से आस

# धार्मिक धरोहर सुता तालाब की संवर गयी तस्वीर





**राजेश अग्रवाल**

**पत्थलगांव, 17 दिसंबर।** धार्मिक धरोहर के रूप मे माना जाने वाला सुता तालाब की तस्वीर अब संवरने लगी है,सुबह शाम के दौरान यहा लोगो को चहल कदमी करते देखा जा सकता है,किसी समय गंदगी का अंबार लगे रहने के कारण मौहल्ले के लोग भी यहा से गुजरना छोड दिये थे,परंतु अब शहर के लोग सुता तालाब के किनारे लगी आरामदायक कुर्सियों मे बैठकर सुकुन का समय व्यतीत कर रहे है। शहर के लोगो को यहा पल रही मछलीयों को दाना देते भी देखा जा सकता है,वार्ड क्रमांक 4 एवं 10 के मुहाने मे बना सुता तालाब हमेंशा से शहर के लोगो की आस्था का प्रतीक रहा है। होली या अन्य त्यौहारो के समय इस तालाब के पानी से अनेक धार्मिक कार्य संपन्न कराये जाते थे,धीरे-धीरे तालाब मे उगने वाली जलकुंभी एवं बाहर से आकर बसे लोगो द्वारा धर्म की आस्था एवं तालाब के सौंदर्य से खिलवाड किया जाने लगा,जिसके कारण सुता तालाब अपनी पहचान खोकर गंदगी के अंबार मे तब्दील होगया। यहा तक की धार्मिक आयोजन भी यहा होने बंद हो गये थे। सुता तालाब की बदहाली देखकर अनेक समाजसेवियों के अलावा मौहल्ले के लोगो ने भी साफ सफाई एवं तालाब के रख-रखाव के साथ उसके सरंक्षण की बात उठायी,इस बात का नगर पंचायत ने अनेक बार जमकर फायदा उठाया,सुता तालाब को मरीन ड्राईव बनाने के नाम पर नगर पंचायत ने लाखो रूपये पानी मे बहा दिये,परंतु तालाब की स्थिती जस की तस बनी रही। धीरे-धीरे लोगो की आस्था भी धूमिल होने लगी। जन्म-मरण के दौरान होने वाले कार्यो के लिए शहर के लोगो ने दूसरे तालाबो का चयन करना शुरू कर दिया,इसे देखकर 4 एवं 10 नंबर वार्ड के पार्षदो ने एक बार पुनः सुता तालाब के सरंक्षण की सुध ली। वार्ड क्रमांक 4 के वर्तमान पार्षद सतीश अग्रवाल का सुता तालाब के सरंक्षण मे महत्वपूर्ण योगदान रहा। वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद अजय बंसल ने भी काफी कोशिशो के बाद तालाब को एक बार पुनः आस्था का प्रतीक बनाने मे कसर नही छोडी।।

**शिवालयों से घिरा है तालाब-:**सुता तालाब को बनाने एवं उसके पानी से धार्मिक कार्यक्रम संपन्न कराने मे यहा के बुजुर्गो का योगदान माना जाता है। दरअसल सुता तालाब का निर्माण मंदिरो को उसके आस-पास देखकर बनाया गया था,सुता तालाब जिस स्थान पर बना है ठीक उसके सामने पांच दशक पुराना सत्यनारायण मंदिर स्थित है,उसके अलावा सुता तालाब के ठीक बांए ओर नवनिर्मित भव्य श्याम मंदिर का भी निर्माण किया गया है,कहा जाता है कि सुता तालाब हमेंशा से शहर के लोगो की आस्था का केन्द्र था,जीवन मरण के अलावा प्रमुख हिंदु त्यौहारो मे सुता तालाब की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है,यही कारण था कि सुता तालाब जैसे ही अपना अस्तित्व खोना शुरू किया वैसे ही लोगो ने उसके सरंक्षण के मुददे को उठा दिया।।

**मेरीन ड्राईव का अब भी इंतजार-** धार्मिक आस्था के साथ-साथ अब लोगो को सुता तालाब फुर्सत का समय बिताने के लिए मरीन ड्राईव के रूप मे भी प्रतिक्षारत है,लोगो का मानना है कि सुता तालाब को जिस तरह एक बार पुनः धार्मिक आस्था के लिए सरंक्षित कर दिया गया है,उसी तरह पर्यावरण की दृष्टि से भी उसे विकसित करते हुये मरीन ड्राईव का रूप दे दिया जाता तो शहर के लोगो के पास अपना फुर्सत का समय बिताने के लिए एक बेहतरीन साधन हो जाता।

---

# मुख्यमंत्री कर रहे सबका सपना सच





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद, 17 दिसंबर ।** हर किसी का सपना होता है कि वह कभी ना कभी आसमानी रास्ते हवाई जगह में बैठकर कही जाए।कुछ का सपना पूरा और कुछ का अधूरा रहता है। ख़ासकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का। उसमें भी ख़ासकर आदिवासी लोगों का। लेकिन ऐसा सपना देखने वालों का छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल पूरा कर रहे है।

चाहे वह स्कूल में पढ़ने वाली छात्रायें हो या फिर कोई और हो सपना सब का सच कर रहे है। मुख्यमंत्री चैनसिंह और उनकी पत्नी को हेलीकाप्टर में बैठा कर राजधानी रायपुर तक भेजा और पूरे सम्मान के साथ श्री चैनसिंह को वापस गाँव आए। उपाध्यक्ष जीव जंतु कल्याण बोर्ड छग शासन के श्री आलोक चंद्राकर मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर गए। श्री चंद्राकर ने रायपुर में उन्हें भोजन कराया और मुख्यमंत्री की और से उपहार भेंट किए। वापस गाँव धौराभाठा आने पर परिवार के सदस्यों ने उनका आरती उतारकर स्वागत किया गया। चैनसिंह ने श्री चंद्राकर के ज़रिए अपनी खेती-बाड़ी की मुख्यमंत्री के लिए सब्ज़ी-भाजी भेजी। मुख्यमंत्री को इसके लिए धन्यवाद कहा।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल प्रदेशव्यापी भेंट. मुलाक़ात के दौरान आमजन से सीधा संवाद कर योजनाओं की ज़मीनी हक़ीक़त की जानकारी तो ले ही रहे है, बल्कि जानता के दुख-दर्द और उनकी ख़ुशी में शरीक भी हो रहे है। ऐसा ही एक वाक्या गुरुवार को महासमुन्द के ग्राम शेर में भेंट मुलाकात के दौरान देखने मिला। जहाँ स्थानीय ग्रामीण निवासी चैनसिंह ध्रुव ने बड़ी रोचक अन्दाज़ में बिंदास होकर छत्तीसगढ़ के मुखिया मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से बात की। मुख्यमंत्री ने उनसे छत्तीसगढ़ी में खेती किसानी क़र्ज़ा माफ़ी के बारे में पूछा तो चैनसिंह ने छत्तीसगढ़ी में मुख्यमंत्री को काका जी कहकर संबोधित किया। कहा जबसे आप मुख्यमंत्री बने हैं मेरा भाग्य जाग गए। पहले धान कम होती थी लेकिन गोबर खाद डाली तो फसल अच्छी हुई है। इसी बीच मुख्यमंत्री ने चैन सिंह को हेलीकॉप्टर में सपत्नी घुमाने के लिए आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री ने चैन सिंह और उनकी पत्नी को हेलीकाप्टर में बैठा कर राजधानी रायपुर ले जाने की बात कही थी। जिसे पूरा करते हुए आज शुक्रवार को महासमुन्द के शेर हेलीपेड से चैन सिंह व उनकी पत्नी रमसील बाई को आसमानी रास्ते हेलीकाप्टर में बैठकर राजधानी रायपुर भेजा और वापस पूरे सम्मान के साथ आये। मालूम हो कि इन दिनों मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल भेंट मुलाकत कार्यक्रम के तहत लोगों से सीधे बात कर रहे हैं। उनके साथ सुख .दुख की बातें साझा करते हुए योजनाओं की जानकारी भी ले रहे हैं।

---

# पीएम आवास से वंचित हितग्राहियों से संपर्क कर भरवाया जा रहा है आवेदन फार्म



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 17 दिसंबर।** प्रदेश भाजपा के दिशा निर्देश व जिला भाजपा के तत्वावधान में भाजपा मंडल राजिम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए आवास योजना के हितग्राहियों तक पहुंच रहे हैं भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंच कर उनका अधिकार दिलाने के लिए आवेदन पत्र भरवाने के साथ इस अभियान को सफल बनाने में पूरी ताकत लगा दी है। इस अभियान के तहत गुरुवार को राजिम मण्डल के ग्राम तर्रा एवं ग्राम किरवई में ग्राम के मुख्य चौक में चौपाल लगाकर मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम के मण्डल प्रभारी जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू एवं मण्डल के सहप्रभारी जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए।कार्यक्रम में मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम के राजिम मण्डल प्रभारी जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा की मोर आवास मोर अधिकार अभियान के तहत पात्र हितग्राहियों को उनका अधिकार दिलाने के लिए भाजपा विशेष अभियान चला रही है।गांव-गांव जाकर आवास हितग्राहियों से मुलाकात कर उनका आवास अधिकार दिलाने के लिए उनसे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम आवेदन पत्र भरा जा रहा है, छग के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निष्क्रियता और गरीब विरोधी नीतियों के कारण पीएम आवास योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाला राज्यांश नहीं दिया है जिसके कारण गरीब परिवार खुले आसमान के नीचे गुजर बसर कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गरीबों से उनका आवास छीनने वाले मुख्यमंत्री के रूप में जाने जाएंगे। मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम के राजिम मण्डल सहप्रभारी जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू ने कहा की कांग्रेस की इस उदासीनता की वजह से लाखों परिवार के स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास की राशि नहीं मिल सकी, जिससे इस योजना से गरीब तबके के लोग लाभ लेने से वंचित है। लगभग आठ लाख पीएम आवास बन नहीं पाए और लाखों आवास अधूरे पड़े हैं। इस मौके पर गेंदलाल साहू, मोतीराम साहू,भागवत साहू, मदन साहू, ग्वाल तारक, संतोष साहू, होरीलाल साहू, अश्वनी साहू, बाबूलाल यादव, नेपाल साहू, टुकेश साहू, चेमन साहू,प्रेम साहू सहित भाजपा कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों तथा आवास योजना के प्रतीक्षा सूची वाले व वंचित हितग्राही उपस्थित रहे।

### कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र रायगढ़ के बीएससी कृषि आनर्स पाठ्यक्रम को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)से मिली मान्यता



**रायगढ़, 17 दिसम्बर।** मीडिया प्रभारी सुनील कुमार गौतम से प्राप्त जानकारी के अनुसार कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, रायगढ़ ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा गठित एक्रिडेशन टीम के समक्ष शैक्षणिक गतिविधियों में प्रशंसनीय प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय के स्नातक पाठ्यक्रम बीएससी कृषि आनर्स की शिक्षा प्रदाय करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त कर लिया है। आईसीएआर द्वारा मान्यता प्राप्त होने से कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र को स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए अतिरिक्त अनुदान प्रदाय किया जाएगा जिससे छात्रों की शिक्षा में गुणवत्ता एवं प्रायोगिक सामग्रियों की उपलब्धता में बढ़ोतरी होगी।

---

# कचरे के ढेर में बचपन ढूंढ रहा दो वक्त की रोटी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव, 17 दिसंबर।** कचरे के ढेर में बचपन इन दिनों गुम होता दिखायी दे रहा है,दो वक्त की रोटी की तलाश में सुबह होते ही एक दर्जन से भी अधिक बच्चे कचरे के ढेर को खंगालते नजर आते है। शिक्षा विभाग के पास ऐसे घुमंतु बच्चों के लिए कोई ठोस कार्य योजना ना रहने के कारण घुमंतु बच्चो का भविष्य कचरे के ढेर तक ही सिमट कर रह गया है। पिछले कुछ वर्ष पूर्व शिक्षा विभाग ने घुमंतु बच्चो के लिए नाईट क्लास की शुरूवात की थी,परंतु योजना का क्रियान्वन एवं उसके फ्लाप होने मे ज्यादा समय नही लगा। इन दिनो शहर मे दर्जनो की तादाद मे छोटे बच्चे दुकान एवं घरो से फेके गये कचरे मे दो वक्त की रोटी की तलाश करते आसानी से देखे जा सकते है,ये हाथो मे लकडी का डंडा पकड़कर कचरे के ढेर को खंगालते हुये उसमें से लोहा या अन्य सामान निकालने की कोशिश करते है। इन बच्चो से जब शिक्षा के विषय मे जानकारी ली जाती है तो ये स्कूल का मुंह देखना भी नसीब नही हुआ ऐसा कह कर फर्राटे से दौड़ लगा देते है। सुबह के दौरान शहर के प्रमुख मार्गो में बसी दुकानों के सामने इन बच्चों को कचरे से लोहा या कबाड़ में बिकने वाले सामान बिनते आसानी से देखा जा सकता है,ये बच्चे कचरे से उन सामानो को निकालकर कबाडी की दुकान मे ले जाकर बेच आते है,ऐसा करने में कबाड़ का सामान खरीदने वाले व्य कामो से परहेज नही करते,इसके विपरीत शिक्षा विभाग पूरी तरह चुप्पी साधे बैठा है,घुमंतु बच्चो का चिन्हांकन ना होने के कारण उनकी दर्ज संख्या बढते जा रही है,जो आगे चलकर कानून के लिए भी खतरा बन सकती है।।

**एक्सल प्लान में दर्ज नही होती संख्या-** दरअसल प्रतिवर्ष शिक्षा विभाग द्वारा एक्सल प्लान तैयार किया जाता है,जिसमे शाला त्यागी या घुमंतु बच्चो की संख्या दर्ज कर उसे शिक्षा विभाग मे बैठे



### घुमंतू बच्चों के लिए बनाई शिक्षा विभाग की सभी नीतियां फ्लाप

उच्च अधिकारीयों तक भेजा जाता है,जहा से इन बच्चो के लिए प्लान तैयार कर उन्हे स्कूल या अतिरिक्त समय में क्लास लगाकर शिक्षा देनी होती है,परंतु घुमंतु बच्चो पर शिक्षा विभाग की नजर ना पडने के कारण ऐसे बच्चो का एक्सल प्लान की लिस्ट में कभी नाम तक दर्ज नही हो पाता,इसे विभाग की लापरवाही या कार्यो के प्रति उदासीनता कहा जा सकता है। शिक्षा विभाग मे शाला त्यागी या घुमंतु बच्चो के लिए राजीव गांधी शिक्षा मिशन को भी जिम्मेदारी सौंपी गयी थी,परंतु यहा की लापरवाही भी घुमंतु बच्चो की शिक्षा के प्रति राह आसान नही कर पायी।।

**संस्था का आभाव-:**घुमंतू बच्चों के जीवन मे शिक्षा का उजाला फैलाने के लिए जितना गैर जिम्मेदार शिक्षा विभाग है,उतने ही जिम्मेदार ऐसे बच्चो के पालक भी है जो शिक्षा के क्षेत्र मे मिलने वाली तमाम सुविधाओ से अपने नौनिहालो को वंचित रख रहे है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार घुमंतु बच्चो को चिन्हाकिंत करने मे सबसे बडी परेशानी है उनके पालक है जो बच्चो को शिक्षा के क्षेत्र से जोडना ही नही चाहते। बताया जाता है कि कुछ घुमंतु बच्चो के पालक खाना बदोश भी है जो आज यहा तो कल वहा डेरा जमाकर अपने बच्चो से कचरा बिनवाने का काम करते है। मिली जानकारी के अनुसार घुमंतु बच्चो के लिए अलग से शिक्षा विभाग मे संस्था का भी आभाव है,जिसके कारण उन्हे एक व्यवस्थित जगह की कमी हमेंशा खलती है।।

■ पूर्व मे घुमंतु या शाला त्यागी बच्चो को चिन्हाकिंत कर स्कूल मे दाखिला कराया गया था,यदि ऐसे बच्चे दोबारा मिलते है तो उन्हे शिक्षा के क्षेत्र मे जोडा जायेगा।

**धनीराम भगत-ब्लाक शिक्षा अधिकारी-पत्थलगांव**

### पटेल ने शालाओं का निरीक्षण कर शिक्षा गुणवत्ता व शाला रख-रखाव के दिए निर्देश

**रायगढ़, 17 दिसम्बर।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल ने विकासखंड रायगढ़ एवं तमनार के विभिन्न विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। विदित हो कि विगत दिनों हुई शिक्षा स्थायी समिति की महत्वपूर्ण बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि शिक्षा स्थाई समिति के रायगढ़ द्वारा शिक्षा गुणवत्ता व व्यवस्था में कसावट लाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न विकासखंडों के विद्यालयों का सघन आकस्मिक निरीक्षण किया जाएगा। इसी तारतम्य में आज रायगढ़ एवं तमनार के विभिन्न विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम हायर सेकेंडरी संबलपुरी विद्यालय प्रातः 9.45 बजे बंद पाया गया। इसी तरह हायर सेकेंडरी, बंगुरसिया में केवल सफाई कर्मी ही उपस्थित था। हायर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर में निरीक्षण के दौरान उक्त विद्यालय के 05 शिक्षक-शिक्षिकाएं अनुपस्थित पाए गए।

---

## समाचार संक्षेप

### वनाधिकार पट्टा वितरण कार्यक्रम में शरीक हुए मंत्री लखमा



**सुकमा, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आबकारी और उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा आज कोन्टा विकासखंड के बण्डा ग्राम पंचायत के आश्रित गांव मुरलीगुड़ा वनाधिकार पट्टा वितरण कार्यक्रम में शरीक हुए। मंत्री श्री लखमा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा किसानों को उनके काबिज भूमि का पट्टा प्रदान किया जा रहा है। ताकि उन्हें खेती किसानी कार्यों में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने आगे कहा कि आतंक का भय खत्म हुआ है, अब सुख शांति है चारों ओर। अब यहां के लोगों को कहीं आने जाने में किसी भी प्रकार का डर नहीं लगता है। अब बच्चे अपने स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के सरकार ने किसानों का कर्ज माफ किया और इस वर्ष धान की खरीदी 2640 रुपये में कर रहे हैं।मंत्री श्री कवासी लखमा ने कार्यक्रम में 65 लोगों को वन अधिकार पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही उन्होंने 20 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड और इतने ही किसानों को चार चार किलो रागी बीज का वितरण किया। उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत 20 किसानों को सब्जी बीज का भी वितरण किया गया।

**बाढ़ प्रभावित परिवारों को बांटे बर्तन सेट**-आबकारी और उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा ने आज कोन्टा विकासखंड के ढोन्ढरा ग्राम पंचायत के 165 बाढ़ प्रभावित परिवारों को बर्तन सेट का वितरण किया।

### कैबिनेट मंत्री ने ली ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक

**सुकमा, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आबकारी एवं उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा की अध्यक्षता में जनपद पंचायत कोन्टा के सभाकक्ष में ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हरीश कवासी, उपाध्यक्ष बोड्डू राजा, जनपद पंचायत कोन्टा के अध्यक्ष मौसम जया, उपाध्यक्ष माड़वी देवा, जिला पंचायत सदस्य आदम्मा मड़काम, नगर पंचायत अध्यक्ष सुन्नम नागेश, एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में मंत्री श्री लखमा ने खाद्यान्न वितरण ठीक ढंग से किए जाने तथा जरूरत मंदों को समय पर मदद पहुंचाने के निर्देश अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए। समीक्षा के दौरान मंत्री ने ब्लॉक पर किए गए विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ पाने से वंचित न रहे। उन्होंने जनसमस्याओं के निस्तारण हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश भी दिए। बैठक में अधिकारियों ने अपने विभाग से संबंधित विभिन्न योजनाओं व निर्माण कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



### भूपेश सरकार के 4 साल पूरे होने पर छत्तीसगढ़ गौरव दिवस का हुआ आयोजन



**चारामा, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आज 17 दिसंबर को छत्तीसगढ़ राज्य में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की भूपेश सरकार के 4 वर्ष पूरे हो रहे है। इस अवसर पर राज्य सरकार के द्वारा 17 दिसंबर शनिवार को प्रदेश भर में ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ नगरीय क्षेत्रों में छत्तीसगढ गौरव दिवस का आयोजन किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में गांव के सार्वजनिक स्थलों, गोठानों तथा धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की उपस्थिति में छत्तीसगढ गौरव दिवस का आयोजन किया गया है। चारामा विकासखंड के ग्राम पंचायत भिरौद में भी छत्तीसगढ गौरव दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की नव निर्वाचित विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी ने मुख्य अतिथि के रूप अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की।कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा गांधी के छायाचित्र की पूर्जा अर्चना के साथ हुई। उसके बाद अतिथियों को फुलमाला पहनाकर एवं गुलाल बंदन लगाकर स्वागत सत्कार किया गया। जिसके थोडी देर ही बाद बिना सूचना के छत्तीसगढ राजगीत लाउड स्पीकर पर बजना शुरू हो गया जिससे कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोग ने आनन-फानन में अपनी अपनी जगहों पर राजगीत के सम्मान में खडे हुए। छत्तीसगढ गौरव दिवस के आयोजन के अवसर पर राज्य के यशस्वी मुख्यमंत्री के द्वारा प्रातः लगभग 11.30 बजे संदेश वाचन किया गया जिसे ऑनलाईन माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित लोगो को लाउड स्पीकर के माध्यम से सुनाया गया। ग्राम पंचायत भिरौद में आयोजित छत्तीसगढ गौरव दिवस में अनुविभागीय अधिकारी(रा), तहसीलदार सहित विकासखंड स्तर के विभिन्न विभागों चिकित्सा विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग, पशु चिकित्सा विभाग एवं कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के साथ ग्राम पंचायत भिरौद के सरपंच-पंच, पटवारी सहित बडी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थित रही। इसी प्रकार चारामा नगरीय क्षेत्र में गौठान एवं वार्ड क्रमांक 04 स्थित सद्भावना भवन में छत्तीसगढ गौरव दिवस का आयोजन किया गया। नगर पंचायत चारामा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की नव निर्वाचित विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी ने मुख्य अतिथि के रूप अपनी प्रदान की। इस कार्यक्रम में राज्य गौ सेवा आयोग के सदस्य नरेन्द्र यादव, नगर पंचायत के पार्षदगण श्रीमती वेदवती नायक, रानु कमलेश सेन, एल्डरमेन अमृत देवांगन, सत्यजीत यादव, महेन्द्र नायक, हिरवेन्द्र साहू, पंकज वाधवानी नगर पंचायत सीएमओ दादू सिंह पाल, उप अभियंता मुकेश कोर्राम, सहायक राजस्व निरीक्षक राम कुमार, अंगेश सिन्हा तथा नगर पंचायत के अन्य कर्मचारियों सहित बडी संख्या में नगरवासी उपस्थिति रहे।

## एक नजर

### शराब का अवैध परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

सिमगा, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ग्राम दामाखेड़ा दरचुरा के बीच नेशनल हाईवे रोड में कोइ व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचने हेतु ले जार रहा है कि सूचना पर रोशन बंजारे पिता रामविलास बंजारे उम्र 20 वर्ष साकिन दर चुरा थाना सिमगा जिला बलौदा बाजार के कब्जा से एक सफेद रंग के प्लास्टिक थैला कें अंदर 32 पाव देशी मदिरा मसाला शराब प्रत्येक में 180 स्र्रूभरी हुई शीलबंद जुमला 5.760बल्क लीटर कीमती 3520 रूपये एवं एक मोटर सायकल हीरो ष्ष्ठ ष्श्वस्र्क्ष क्रमांक ष्त्र04-एलपीजेड3114 कीमती 18000 रूपये जुमला कीमती 21520 रूपये मिलने पर जप्ती कार्यवाही कर आरोपी के विरूद्ध आज 28 नवम्बर को अपराध क्र. 582/2022 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर उक्त आरोपी को न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

### सेंट जॉन्स स्कूल में मनाया गया विजय दिवस



छुरा, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नगर के विद्यालय सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल छुरा मे 1971 मे पाकिस्तान पर विजय को याद करते विजय दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम मे सर्वप्रथम युद्ध मे वीरगति प्राप्त किए हुए जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मान्या सितलानी ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन मे वीर जवानों के शौर्य और प्राक्रम की व्याख्या की। कक्षा नवमी की छात्रा तनु साहू एवं चारु साहू ने हरजीत सिंह मेहरा की कविता 'विजय दिवस की उमंग' का स-स्वर वाचन किया। इस ओजस्वी कविता पाठ ने सभी के मन मे उमंग और उत्साह की वृद्धि किया।कार्यक्रम के अगली कड़ी मे केयूर भूषण, विवेक ठाकुर, टेमेश सिन्हा, चंद्रहास ध्रुव, देशांत साहू व अन्य साथियों ने भारतीय सैनिको की शौर्य का बखान अपने नृत्य द्वारा प्रस्तुत किया। अंत मे विद्यालय के प्राचार्या बिंदु जॉर्ज जेकब ने विजय दिवस पर सारगर्भिक जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालक राधाकृष्णन हाउस एवं मान्या सितलानी द्वारा किया गया।

### आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

डोंगरगढ़, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्राकृतिक आपदा से मृत 2 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर रजत बंसल ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 13 दिसम्बर 2022 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में अमित कुमार पात्रे पिता राजकुमार पात्रे, निवासी ग्राम गोढ़ीस, तहसील भाटापारा एवं लखन सेन पिता जनक सेन, निवासी ग्राम खैरा, तहसील भाटापारा हैं।

## सिमगा पुलिस की शराब तस्करों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

# 4 कोचियों से 18 लीटर शराब जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा, 17 दिसम्बर। मामले की सक्षिप्त विवरण है कि थाना सिमगा में टीम बनाकर अवैध शराब पर प्राभावी नियंत्रण हेतु छामामार कार्यवाही कर चार जगहो से चार आरोपीयो के विरूद्ध किया गया आबकारी एकट के तहत कार्यवाही विवरण इस प्रकार है

मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर शिवनाथ नदी के पास पान ठेला में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने की सूचना मिलने पर हमराह पुलिस स्टाप के आरोपी जूनैद अली पिता मन्सूर अली उम्र 20 साल साकिन वार्ड नंबर 14 सिमगा थाना सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक थैला के अंदर 10 पाव देशी मदिरा मशाला शराब प्रत्येक में 180 स्र्रू भरी हुई शीलबंद जुमला बल्क 1.800 बल्क लीटर कीमती 1100 रूपये एवं बिक्री रकम 330 रू कुल जुमला 1430 रू गवाहो के समक्ष जप्त किया गया है आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 576/2022 धारा 34(1)ब आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

आरोपी रोहित कुमार चौहान पिता रामकुमार चौहान उम्र 28 वर्ष साकिन करहुल थाना सिमगा जिला बलौदा बाजार भाटापारा छ0ग0 द्वारा ग्राम ढेकुना करहुल मार्ग के पास अवैध रूप से शराब ले जाते मिला। आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग प्लास्टिक थैला में 30 पाव देशी मदिरा मसाला शराब प्रत्येक में 180 स्र्रू भरी हुयी जुमला 5.400 बल्क लीटर कीमती 3300 रूपये समक्ष गवाह जप्त किया गया है आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 577/2022 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। एवं आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

आरोपी रंजीत ओगरे पिता चंदेल ओगरे उम्र 35 साल साकिन चक्रवाय थाना सिमगा जिला बलौदा बाजार भाटापारा छ0ग0 द्वारा ग्राम तुलसी बाजार चौक के पास अवैध रूप से शराब ले जाते मिला। आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग प्लास्टिक थैला में 32 पाव देशी मदिरा मसाला शराब प्रत्येक में 180 स्र्रू भरी हुयी जुमला 5.760 बल्क लीटर कीमती 3520 रूपये समक्ष गवाह जप्त किया गया है आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 578/2022 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। एवं आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

आरोपी सूरज टण्डन पिता नारायण टण्डन उम्र 24 साल साकिन मोहभट्ठा थाना भाटापारा ग्रामीण जिला बलौदा बाजार भाटापारा छ0ग0 द्वारा जक्शन ढाबा के आगे सिमगा में अवैध रूप से शराब ले जाते मिला। आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में 30 पाव देशी मदिरा मसाला शराब प्रत्येक में 180 स्र्रू भरी हुयी जुमला 5.400 बल्क लीटर कीमती 3300 रूपये एवं एक मोटर सायकल प्लेटिना क्रमांक ष्त्र07-स्रा-8844 कीमती 10, 000 रूपये जुमला कीमती 13300 रूपये समक्ष गवाह जप्त किया गया है आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 579/2022 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। एवं आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त चारो प्रकरण में चार कोचियो से किया गया 102 पाव मदिरा मशाल कुल 18.360 बल्क लीटर शराब 11, 220 रूपया कीमती की शराब जप्त किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि विष्णुनारायण सिह, प्रआर 112 रोशन मारकण्डेय, आरक्षक 134 देव निराला का विशेष योगदान रहा है।

## समाचार संक्षेप

### शराब का पुतला दहन कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



भाटापारा, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सेमरिया घाट से मुंगेली तक निकाली गई पदयात्रा के समापन के अवसर पर मुरारी मिश्रा जी ने बताया कि वह शराब छोड़ाओ गांव बचाबो अभियान पिछले 13 वर्ष से चला रहे हैं तथा 401 गांव में जाकार लगभग 1300 किलोमीटर की यात्रा कर चुके हैं लोगों को शराब से होने वाले दुस्प्रभाव को समझा रहे हैं आगे बताया की शराब बंदी वाले अनेक प्रांतों में उन्नति के रास्ते भुले हैं युवाओं का भविष्य सुधारा है ट्यूशन स्कूल कॉलेज स्वास्थ्य सभी में सुधार आये हैं बिहार एक राज्य जो पिछला हुआ था वह आज शराब शराबबंदी होने से एक उन्नत राज्य की आगे प्रगति कर रहा है छत्तीसगढ़ में भी यदी शराब बंदी कर दी जाय तो छत्तीसगढ़ भी तेजी से प्रगति करेगा अभी शराब के कारण महिलाएं, बच्चे है, बुजुर्ग सभी परेशान है दो पुरुष अपनी सारे कमाई के पैसे शराब में उड़ा रहा है छत्तीसगढ़ सरकार को शराब बन्दी के बारे में जल्द से जल्द फैसला लेकर इसे बंद करना चाहिए। इस पदयात्रा के दौरान जिन लोगो ने शराब के खिलाफलड़ाई लड़ी एवम जीवन मे शराब पिया हो और यदि पी हो तो पिछले कई सालों से छोड़ दी हो तो वैसे लोगो का साल श्रीफ़ल से सम्मान किया गया। सम्मानित होने वाले गौरी कुर्रे, रघुनाथ निषाद, झग्गर निषाद, समेलाल वर्मा, विश्वनाथ निषाद, जवाहर वर्मा, जितेंद्र वर्मा आदि आदि थे कलेक्टर मुंगेली को ज्ञापन एवम पड़ाव चौक मुंगेली में शराब का पुतला दहन किया गया।

### नाबालिग को भगाकर दुष्कर्म करने वाला पकड़ाया

सिमगा, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार दीपक झा द्वारा महिलाओं पर घटित अपराधों पर कार्रवाई करने प्राप्त निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में दिनांक 04.08.22 को प्रार्थी के नाबालिग लडकी घर में बिना बताये कहीं चली गई थी जो घर वापस नही आने पर नाबालिक लडकी को बहला फुसला कर भगाकर ले जाने की प्रबल संभावना पर अपराध क्रमांक 423/22 धारा 363 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना दौरान लगातार अज्ञात आरोपी एवं पीडिता का पतासाजी गंभीरता से किया जा रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार के मुस्कान अभियान के दौरान पतासाजी करने पर पता चला कि नाबालिक लड़की को आरोपी सूरज अहिरवार पिता स्वर्गीय हरदयाल उम्र 24 वर्ष साकिन बहोड़ापुर ग्वालियर अपने कब्जे में ग्वालियर मध्य प्रदेश में रखा है जो टीम बनाकर बहोड़ापुर ग्वालियर मध्य प्रदेश से अपहृत बालिका को बरामद कर उक्त आरोपी का कृत्य अपराध धारा का पाये जाने से धारा 363, 366, 376 भादवि एवं 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक निमांड पर भेजा गया। उक्त कार्याही में महिला आरक्षक अहिल्या वर्मा प्रधान आरक्षक युगल साहू, आरक्षक उमाशंकर कुर्रे एवं सायबर सेल से आरक्षक मोहन मेश्राम का विशेष योगदान रहा था।

### हेपेटाइटिस बी और सी की जाँच कर लगाया गया टीका

बलौदाबाजार, 17 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। हेपेटाइटिस बी एवं सी की रोकथाम हेतु कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर जांच एवं टीकाकरण स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। हेपेटाइटिस बी और सी वायरस जनित रोग है जिसके कारण शरीर में लिवर में संक्रमण हो जाता है और उसमें सूजन आ जाती है ऐसे में कई मामलों में मरीज की जान भी चली जाती जाती है।समुदाय में कई वर्ग जैसे स्वास्थ्य कार्यकर्ता, पुलिस, जेल में निरुद्ध बंदी, सेक्स वर्कर, तृतीय लिंग के लोग उच्च जोखिम समूह में सम्मिलित हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया की इसे ध्यान में रखते हुए जिला उपजेल में निरुद्ध बंदियों हेतु तथा सिविल अस्पताल भाटापारा में ट्रांसजेंडरों हेतु एक जाँच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें उनकी हेपेटाइटिस बी और सी की जाँच की व्यवस्था की गई, जांच में सभी रिपोर्ट सामान्य रही।

## उपचुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक संपन्न

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




डोंगरगढ़, 17 दिसम्बर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर नगरपालिका के वार्ड नंबर 6 के पार्षद रमेश लिल्हारे के निधन के उपरांत रिक्त हुए पार्षद पद के उप चुनाव की तैयारी को लेकर ब्लॉक शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पदम सिंह कोठारी विधायक एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष भुनेश्वर बघेल अंत्यावसाई वित्त विकास सहकारी निगम के अध्यक्ष धनेश पाटिला पीसीसी महामंत्री डॉ थानेश्वर पाटिला जिला महामंत्री पंकज बांधव की उपस्थित में आयोजित की गयी। बैठक में वार्ड वासियों के साथ-साथ उपस्थित कांग्रेस जनों से चर्चा कर कांग्रेस उम्मीदवार का नाम तय करने एवं रणनीति बनाने हेतु विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। उनके कार्यो को जन-जन तक पहुंचाते हुए वार्ड नंबर 6 के उपचुनाव में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर कार्य करना है।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष संजीव गोमास्ता नपाध्यक्ष सुदेश मेश्राम धीरज मेश्राम हर्षिता स्वामी बघेल नलिनी मेश्राम किरण देउडकर शिशुपाल भारती रिमी भाटिया राहुल यादव संजय श्रीवास्तव हरीश भंडारी शेखर सोनी संजीव बक्सरे नरेश करसे संजय रामटेके लखन पाटकर धन्नालाल गणवीर मोह साबिर मतीन खान अकील कुरैशी किरण मेश्राम गणेश साहू गरीबदास गढ़पाले वीरेंद्र पाल सुरेश लिल्हारे कृष्णा लिल्हारे मधु श्रीवास्तव रेखा खोबरागडे आशीष मेहर गजेंद्र सिंह अनीता साहू मीनू इंदूरकर दुर्गा रावत चमेली साहू प्रभु दयाल संतोष पवन मधुमटके सरिता बडोले सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी और कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने मिलकर कलेक्टर को दी बधाई

बलौदाबाजार, 17 दिसंबर। वीर मड़ई महोत्सव सोनाखान में 10 दिसंबर के आयोजन सफलता पूर्वक पूर्ण होने पर आज सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर से मिलकर जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित सहायक आयुक्त लहरें से मिलकर पुष्प गुच्छ भेंट किए। इस मौके पर शहीद वीर नारायण सिंह के वंशज राजेंद्र दीवान, सर्व आदिवासी समाज प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र ध्रुवशी, उपाध्यक्ष भानू ध्रुव, सहित थानु ध्रुव, अभय ध्रुव, कामेश मंडावी, देवेंद्र ध्रुव, दुज राम ध्रुव सहित अन्य सदस्य गण उपस्थित थे।

## तिल्दा नेवरा में कृष्णा-कृष्णा, राधे-राधे की गूंज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 17 दिसम्बर। स्थानीय दशहरा मैदान में चल रही 108 श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस के अवसर पर वृंदावन धाम के प्रख्यात भागवत प्रवक्ता हित ललित वल्लभ आचार्य जी महाराज ने कहा कि भगवान कपिल ने माता देहुती को ज्ञान उपदेश दिया जीव के गर्भ में क्या स्थिति होती ह माता के गर्भ में सातवे माह में भगवान का दर्शन होता ह नव जन्म होता ह तब वह चिलाता ह की वो कहा ह जिसे मुझको गर्भ में दर्शन हो रहा था जीव कहता ह की में आप का भजन करूगा और जन्म के बाद मोह माया में भगवत भजन भूल जाया करता है भगवान के चरणों में प्रीति होना परम आवश्यक ह अतः भगवान के चरणों से होता ह आगे बताते हुए कथा कार ने कहा की सती चरित्र में बताया भगवान शिव की बात नही मानने पर सती अपने पिता के यज्ञ में जान से अपमानित होना पड़ा जिस कारण सती ने अपने आप को यज्ञ में समर्पित कर दिया तात्पर्य यह ह की अभिमानी के यहां बिना बुलाए नही जाना चाहिए अगर मन में अहंकार ह तो कार्य एसएफ़एल नही होता इसके अलावा धुर्व चरित्र की कथा बताई भक्ति के बारे में बताया गया इस लिय भक्ति एक करो तो भगवान प्राप्त होता है।

**न्यायालय तहसीलदार (नजूल) रायपुर**

**//ईश्तहार उद्घोषणा//**

**फ्री-होल्ड**
**वर्ष 2022-2023**
**पेशी दिनांक 20/12/22**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि छ.ग.शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के पत्र क्र. एफ-4-07/सात-1/2019 दिनांक 26/10/2019 के अनुसार निम्नानुसार आवेदक श्रीमती श्याम कुमारी ध्रुव पति स्व. देवचरण ध्रुव वगैरह निवासी राजातालाब रायपुर द्वारा इस आशय से आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि सिविल स्टेशन स्थित नजूल भूमि ब्लाक नं. 12 प्लाट नं. 8/64 रकबा 145 व.फु. भूमि के फ्री होल्ड करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्तागण के माध्यम से दिनांक 20/12/2022 को या उसके पूर्व कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक-07 किसी भी दिन न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 05 माह 12 वर्ष 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

**तहसीलदार नजूल**
**रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जगदलपुर**

दुरभाष नम्बर 07782-222865 | ई मेल eeresjagdalpur@gmail.com

**अल्प निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक/3073/एस.ए.सी./ग्रां.यां.से./2022-23जगदलपुर, दिनांक 14/12/2022

| क्र. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र विक्रय का अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज जगदलपुर, जिला बस्तर के सामाजिक भवन निर्माण कार्य | 18.43 लाख | 23.12.2022 |

टीपः-
1. अन्य विवरण एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग जगदलपुर के कार्यालय में देखी जा सकती है।

**कलेक्टर,**
**जिला निर्माण समिति**
**जिला बस्तर**

**नोडल अधिकारी**
**(जिला निर्माण समिति)**
**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
**संभाग जगदलपुर**

जी- 96751/3

**न्यायालय तहसीलदार (नजूल) रायपुर**

**//ईश्तहार उद्घोषणा//**

**फ्री-होल्ड**
**वर्ष 2022-2023**
**पेशी दिनांक 20/12/22**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि छग शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर के पत्र क्र. एफ-4-07/सात-1/2019 दिनांक 26/10/2019 के अनुसार निम्नानुसार आवेदक श्रीमती श्याम कुमारी ध्रुव पति स्व. देवचरण ध्रुव वगैरह निवासी राजातालाब रायपुर द्वारा इस आशय से आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि सिविल स्टेशन स्थित नजूल भूमि ब्लाक में 115 प्लाट नं. 26 रकबा 2158 व.फु. भूमि फ्री-होल्ड करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्तागण के माध्यम से दिनांक 20/12/2022 को या उसके पूर्व कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक-07 किसी भी दिन न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 05 माह 12 वर्ष 2022 का मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

**तहसीलदार नजूल**
**रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय, नगर पंचायत चिखलाकसा,जिला-बालोद (छ0ग0)**

कमांक/796/नि.आ.सू./लो.नि.वि./न.पं./2022 | चिखलाकसा, दिनांक 16/12/2022

**//मैनुवल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना//**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "अ" में प्रचलित एस.ओ.आर. में कम/अधिक या सामान दर पर नगर पंचायत चिखलाकसा में निम्नाकिंत कार्य हेतु पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से तीन लिफाफा पद्धति में सील बंद निविदाए अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है –

| क. | कार्यो की संख्या | अनुमानित लागत (राशि रू. लाखों में) | निविदा प्रपत्र निकाय को प्राप्त होने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | निकाय क्षेत्रान्तर्गत 14 वां वित्त आयोग एवं अध्यक्ष पार्षद निधि अंतर्गत कुल 20 निर्माण कार्य | 38.07 | 06-01-2023 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत, निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी नगर पंचायत कार्यालय से एवं विभागीय वेबसाईट http://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत चिखलकसा

**कार्यालय, नगर पालिका परिषद भाटापारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**नामांतरण प्रकाशन सूचना, सूची माह-दिसम्बर 2022**

पृ.क्र./ 1823/रा.वि./मु.न.अ./2022 | भाटापारा, दिनांक-16.12.2022

छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत नामांतरण किये जाने हेतु निम्नलिखित 15 आवेदन प्राप्त हुए हैं। पी.आई.सी. की बैठक दिनांक............ के विषय क्र............. के अनुसार नामांतरण सूचना दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन के तहत अगर कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना चाहे तो प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। तिथि उपरांत दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

| क्र. | विक्रेता | क्रेता | वार्ड | खसरा नं. | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | स्व. श्री समारू सतनामी पिता करिया सतनामी निवासी महासती वार्ड भाटापारा | शशि सोनवानी पिता स्व. समारू दास सतनामी निवासी महासती वार्ड भाटापारा | महासती वार्ड | शीट क्र. 8 भू.नं.159/4 क्षे.816 भूमि | मृत्यु प्रमाण पत्र वंशानुक्रम, न्याया. आदेश |
| 2 | श्रीमती राजमती वर्मा पति स्व. नाथूराम वर्मा निवासी दाउ कृष्ण कुमार वर्मा भाटापारा द्वारा मु.आम संतोष वर्मा पिता नाथूराम वर्मा | श्री रीना साहू पति राकेश साहू निवासी हथनीपारा वार्ड भाटापारा | महावीर वार्ड | ख.नं. 691/2 का टु. क्षे.0.1850 हे. में से 720 व.फी. खुला भूखंड व्यपवर्तित | बैनामा |
| 3 | स्व. बुलाकीदास पिता मथुरादास मुंधड़ा निवासी सदर वार्ड भाटापारा | श्री कृष्ण कुमार मुंधड़ा पिता स्व. बुलाकीदास मुंधड़ा निवासी सदर वार्ड भाटापारा | सदर वार्ड | शीट नं. 12सी, भू.क्र.131, क्षे.329 व.मी. मकान | मृत्यु प्रमाण पत्र वंशानुक्रम, न्याया. आदेश |
| 4 | श्री नरेन्द्र भोजवानी पिता स्व. ईश्वर दास भोजवानी निवासी सदर वार्ड भाटापारा | श्रीमती किर्ती बाई जंघेल पति सतानु राम जंघेल निवासी ग्राम पुरैना, छुईखदान, जिला राजनांदगांव | गुरुनानक वार्ड | ख.नं. 106/33 का टु.क्षे.0.0120 हे. में से 900 व.फी. खुला भूखंड | बैनामा |
| 5 | मु. सुशीला साहू पति स्व. सुकदेव साहू निवासी नयागंज वार्ड भाटापारा | श्री प्रमोद कुमार साहू पिता स्व. सुकदेव साहू निवासी नयागंज वार्ड भाटापारा | नयागंज वार्ड | ख.नं. 282/11 का टु. क्षे.0.0400 हे. में से 1348 व.फी. आवासीय खुला भूखंड | दान पत्र |
| 6 | मु. सुशीला साहू पति स्व. सुकदेव साहू निवासी नयागंज वार्ड भाटापारा | श्री अशोक साहू पिता स्व. सुकदेव साहू निवासी नयागंज वार्ड भाटापारा | नयागंज वार्ड | ख.नं.282/11 का टु. क्षे. 0.0400 हे. में से 1188 व.फी. आवासीय खुला भूखंड | दानपत्र |
| 7 | वसुंधरा ग्रुप भागीदारी संस्था श्री संदीप गोयल पिता गोपाल प्रसाद गोयल श्री जयकिशन शर्मा पिता रामदयाल शर्मा निवासी नेहरू/सुभाष वार्ड भाटापारा द्वारा मु.आम श्री विपिन पुरोहित पिता चांदरतन पुरोहित | श्रीमती प्रेमिन वर्मा पति राजेन्द्र वर्मा निवासी परशुराम वार्ड भाटापारा | के.के. वार्ड | ख.नं. 257/90 का टु. क्षे. 0.0409 हे. में से 480 व.फी. में से 362 व.फी. व्यवसायिक प्रयोजन भूमि | बैनामा |
| 8 | श्रीमती मीना मंधानी पति राजेश मंधानी निवासी बजरंग वार्ड भाटापारा | श्री महेन्द्र कुमार पात्रे पिता साधेराम पात्रे निवासी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड भाटापारा | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड | ख.नं. 432/82, 450/86, 451/86, 460/80, 487/86, 495/85, 497/85, 496/85, 498/75 शामिल क्षे. 0.0220, 2400 व.फी. भूमि आवासीय खुला भूखंड | बैनामा |
| 9 | श्रीमती सुलोचना साहू पति काशीराम साहू निवासी राम नगर कुंदरू, तिल्दा, रायपुर | श्री बिपिन चंद्र भतपहरी पिता भुवनलाल भतपहरी निवासी ग्राम नांदघाट, नवागढ़ बेमेतरा | श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड | ख.नं. 405/12, क्षे. 0.0220 अर्थात् 2400 व.फी. आवासीय खुला भूखंड | बैनामा |
| 10 | श्री राकेश तिवारी पिता आश्वनी तिवारी निवासी परशुराम वार्ड भाटापारा | श्रीमती पुष्पलता धुर्व पति धमेन्द्र सिंह धुर्वे निवासी श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड भाटापारा | के.के. वार्ड | ख.नं. 257/87 का टु. क्षे.0.1120 हे. में से 1524 व.फी.आवासीय खुला भूखंड | बैनामा |
| 11 | श्रीमती प्रीति शर्मा पति राजेन्द्र शर्मा निवासी लाखे नगर रायपुर द्वारा मु.आम डोगेन्द्र शर्मा पिता ऋषि कुमार शर्मा | श्री राजकुमार साहू पिता जगदीश साहू निवासी ग्राम घुरसेना, नवागढ़, बेमेतरा | परशुराम वार्ड | ख.नं. 312/142 का टु. क्षे.0.0260 हे. में से 0.012 हे./1265 व.फी. आवासीय खुला भूखंड | बैनामा |
| 12 | श्रीमती कमला बाई साहू पति स्व. श्यामलाल साहू निवासी हथनीपारा वार्ड भाटापारा | श्री नीलू सिंह नेताम पिता रमेश कुमार नेताम निवासी ग्राम बघुली, नवागढ़, बेमेतरा | श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड | ख.नं. 688/1 का टु. क्षे.0.3145 हे.में से 0.0110 हे./1200 व.फी. खुला भूखंड | बैनामा |
| 13 | श्री संजय कुमार सिंह पिता प्रधुमन सिंह निवासी सांई कालोनी भाटापारा | श्री थानसिंह वर्मा पिता राधेश्याम वर्मा निवासी ग्राम किरना, तिल्दा, रायपुर | सुभाष वार्ड | खं.नं. 855/85 क्षे.0.0080 हे. 897 व.फी. आवासीय खुला भूखंड | बैनामा |
| 14 | स्व. श्री समारू सतनामी पिता करिया सतनामी निवासी महासती वार्ड भााटापारा | श्रीमती मंगतीन बेवा समारू दास सतनामी निवासी महासती वार्ड भाटापारा | महासती वार्ड | शीट क्र. 8 भू.नं.159/3 क्षे. 816 भूमि | मृत्यु पमाण पत्र वंशानुक्रम न्याया. आदेश |
| 15 | श्री प्रमोद कुमार अग्रवाल पिता स्व. जगदीश प्रसाद अग्रवाल निवासी नयापारा वार्ड भाटापारा | श्रीमती मेघा आडिल पति विक्रम आडिल एवं श्रीमती पूनम आडिल पति विकास आडिल | नयापारा वार्ड | शीट क्र. 4 भू.नं. 82/17 क्षे. 3375 व.फी. खुला भूखंड | बैनामा |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, भाटापारा**

# छत्तीसगढ़िया स्वाभिमान के गौरवपूर्ण उत्थान का पर्व

## न्याय, प्रगति, समता, समृद्धि की चार वर्षों की सफल यात्रा

4 खुशहाल साल

छत्तीसगढ़
# गौरव दिवस
17 दिसंबर

छत्तीसगढ़िया सरकार के
4 साल

- देश में **सबसे कम** बेरोजगारी दर
- **15 हजार करोड़ रु** की आदान सहायता से किसानों और आर्थिक तौर पर निःशक्तजनों का सशक्तीकरण
- **2 लाख से ज्यादा** बच्चे कुपोषण से मुक्त
- **1.11 लाख** स्त्रियों ने एनीमिया पर विजय पाई
- **90 लाख से ज्यादा** लोगों के घर पर गुणवत्तापरक और मुफ़्त चिकित्सकीय सुविधा
- **2,218** नई औद्योगिक इकाईयां
- **21,457** करोड़ रुपए का निवेश
- **247** आधुनिक विद्यालयों में **2.50 लाख** विद्यार्थियों का प्रवेश
- **6** नए जिलों, **77** नई तहसीलों और **19** अनुभागों से प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण
- देश में कुल वनोपज उत्पादन में **74%** की हिस्सेदारी
- आवश्यक सरकारी दस्तावेजों की घर पहुँच सुविधा




छत्तीसगढ़ संवाद-आर.ओ./34947/21

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क


कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23